RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 152 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 23 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# पाकिस्तान को आतंकवाद निगल जाएगा : मुख्यमंत्री

## अयोध्या में हनुमंत कथा मंडपम का किया लोकार्पण

**अयोध्या (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर पाकिस्तान पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान को आतंकवाद ही निगल जाएगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान ज्यादा दिन नही रहेगा। हर मोर्चे पर हमारी सेना ने अच्छा काम किया है। पाकिस्तान की वजह से भारत में आतंकवाद है। उन्होंने कहा कि BSF के रहते पाकिस्तान 1 इंच भी आगे नहीं बढ़ पाया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया। पांच हजार लोगों की क्षमता वाले इस कथा मंडपम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी करीब साढ़े



11 बजे अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। इसके साथ ही हनुमत कथा मंडपम के रूप में अयोध्या को एक और आध्यात्मिक केंद्र सौगात में दिया।

अयोध्या धाम में 'श्री हनुमत कथा मण्डपम' के लोकार्पण समारोह में शामिल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या की गौरव यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमने अपने संकल्प को सिद्ध करते हुए अयोध्या की कायाकल्प को बदलकर रख दिया। उन्होंने कहा कि अयोध्या को उसका गौरव वापस दिलाया। उन्होंने कहा कि आपको याद होगा कि तरह प्रधानमंत्री ने जिस भव्य मंदिर की आधार शिला रखी थी आज उसकी पताका लहरा रही है।

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पूरे दिन प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्थाओं को मुकम्मल करने की कवायद में जुटे रहे। एडीएम सिटी योगानंद पांडेय ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं हनुमानगढ़ी अखाड़ा की टीम भी कार्यक्रम को दिव्य-भव्य बनाने में जुटी रही।

# 1991 का भारत-पाक समझौता देशद्रोह था : निशिकांत दुबे

## भाजपा सांसद ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर बोला हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर जमकर निशाना साधा है और भारत-पाक के बीच हुए एक समझौते का हवाला देते हुए कांग्रेस को देशद्रोही पार्टी बताते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।





दरअसल पिछले दिनों कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आरोप लगाया था कि जयशंकर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकी ठिकानों पर हमलों के बारे में पाकिस्तान को पहले ही अगाह कर दिया था। राहुल के इन आरोपों पर अब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने जमकर निशाना साधा है। निशिकांत दुबे ने साल 1991 में कांग्रेस सरकार के दौरान हुए एक समझौते की याद दिलाई है, जिसमें किसी भी आक्रमण या सेना के मूवमेंट की जानकारी एक-दूसरे से शेयर करना जरूरी बताया गया था।

राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए निशिकांत दुबे ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि राहुल गांधी यह आपकी बनाई हुई सरकार के समय का समझौता है। 1991 में आपकी पार्टी समर्थित सरकार ने यह समझौता किया था कि किसी भी आक्रमण या सेना के मूवमेंट की जानकारी का आदान-प्रदान भारत-पाक एक-दूसरे से करेगा। क्या यह समझौता देशद्रोह है? (शेष पृष्ठ-4 पर)

### सुप्रिया श्रीनेत का पलटवार



कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने निशिकांत दुबे के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे बार-बार अपनी मुर्खता का परिचय देते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व पीएम राजीव गांधी ने 6 मार्च 1991 को चंद्रशेखर सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और यह समझौता संभवतः अप्रैल 1991 में हुआ था। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि यह समझौता शांतिकाल के लिए है और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि शांतिकाल में दोनों देशों की सेनाओं के बीच कोई गलतफहमी न हो। तो सबसे पहले भाजपा और निशिकांत दुबे यह स्वीकार कर रहे हैं कि विदेश मंत्री जयशंकर ने सूचना दी और राहुल गांधी जो कह रहे थे, वह सच था।

# सीबीआई का बड़ा एक्शन जेपी बिल्डर के दफ्तर पर रेड

**नोएडा (चेतना मंच)।**



बिल्डरों और बैंकों के गठजोड़ की परतें खंगाल रही सीबीआई ने आज नोएडा में बड़ी कार्रवाई करते हुए जेपी इंफ्राटेक से जुड़े प्रोजेक्ट पर रेड की है। यह रेड सबवेंशन स्कीम घोटाले को लेकर की गई है। हाल ही में सीबीआई ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण से जेपी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट से संबंधित फाइल मांगी थी। जिसके बाद आज सीबीआई की पांच सदस्य टीम ने सेक्टर-127 स्थित जेपी के दफ्तर में पहुंचकर दस्तावेज खंगाले हैं। सीबीआई प्रोजेक्ट से संबंधित स्वीकृत पत्र, लेआउट प्लान, बकाया, रजिस्ट्री, के अलावा इनके को डेवलपर्स की जानकारी के आधार पर रेड कर रही है। जिसमें बायर्स का डेटा है।

सीबीआई की टीम ने जेपी इंफ्राटेक से जुड़े प्रोजेक्ट पर रेड की है। ये रेड सबवेंशन स्कीम घोटाले को लेकर की गई है। जिसमें बड़ी अनियमितता की बात सामने आ रही है। ऐसे में सेक्टर-128 से सेक्टर-132 तक के सभी प्रोजेक्ट जो जेपी इंफ्राटेक में आते है रेड जारी है।

यहां दस्तावेजों को जब्त किया जा रहा है। साथ ही सेल ऑफिस में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। इनकी फाइल भी चेक की जा रही है। साथ ही डिजिटल दस्तावेज को देखा जा रहे हैं।

### 26 बिल्डरों की ले चुकी जानकारी

आपको बता दें कि सीबीआई ने नोएडा प्राधिकरण से 9 बिल्डरों की जानकारी मांगी थी। इसी तरह यमुना और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण से भी जानकारी मांगी थी। इस तरह से कुल 26 बिल्डरों की जानकारी ली गई है। जिनके यहां भी सीबीआई रेड कंडक्ट कर सकती है। हालांकि अभी जेपी इंफ्रा से जुड़े प्रोजेक्ट के दस्तावेज खंगाल रही है।

इन दस्तावेजों के आधार रेड सीबीआई प्रोजेक्ट से संबंधित स्वीकृत पत्र, ले आउट प्लान, बकाया, रजिस्ट्री, के अलावा इनके को डेवलपर्स की जानकारी के आधार पर रेड कर रही है। जिसमें उन बायर्स का डेटा है जिनको बिल्डर ने सबवेंशन स्कीम के तहत लोन दिलाया और पैसे जमा नहीं किया। बिल्डर बायर्स और बैंक एग्रीमेंट के दस्तावेज भी खंगाले जा रहे है। बताया गया कि लोन के लिए लगाए गए अधिकांश दस्तावेज साठगांठ करके तैयार किए गए।

बिल्डर 2014 में लाए थे सबवेंशन स्कीम नोएडा, ग्रेटर नोएडा में सब वेंशन स्कीम के तहत लाई गई ग्रुप हाउसिंग योजनाओं की शुरुआत वर्ष 2014 के आसपास हुई थी। योजना में धांधली के लिए कुछ बिल्डरों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से लोन पास कराए। बैंकों ने बिना मूल्यांकन और निरीक्षण के रकम जारी कर दी। अधिकारियों के अनुसार, बिल्डर और बैंक के बीच अघोषित समझौते के तहत बैंकों ने बिल्डरों को लोन की पूरी राशि दे दी।

शर्तों के तहत फ्लैट का कब्जा मिलने तक बिल्डर को ही ईएमआई का भुगतान करना था, लेकिन कुछ समय बाद बिल्डरों ने ईएमआई देनी बंद कर दी और खरीदारों को फ्लैट भी नहीं दिए। इससे खरीदारों पर ईएमआई का बोझ आ गया और बड़ी संख्या में खरीदार डिफॉल्टर हो गए। कुछ वर्षों बाद इन योजनाओं को लाने वाले अधिकांश बिल्डर दिवालिया हो गए।

# स्कूल की फीस न देने पर दादी की हत्या

## किशोर पोते ने तकिये से दबा दिया मुंह

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ के मलिहाबाद थाना क्षेत्र से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 14 वर्षीय किशोर ने अपनी दादी की तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी। आरोप है कि दादी विद्यावती स्कूल फीस नहीं दे रही थीं, जिससे नाराज होकर पोते ने यह खौफनाक कदम उठा लिया।



विद्यावती की बेटी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने किशोर पोते और विद्यावती के देवर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और किशोर से पूछताछ की जा रही है।

प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि किशोर अपनी स्कूल फीस को लेकर परेशान था और कई बार दादी से पैसे मांग चुका था। जब दादी ने पैसे देने से इनकार किया तो उसने गुस्से में आकर उनकी हत्या कर दी।

घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। पुलिस किशोर की मानसिक स्थिति की भी जांच कर रही है, साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात के पीछे कोई और भी शामिल था या नहीं।

# छत से कूदकर युवती ने की आत्महत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस -2 क्षेत्र के नया गांव में रहने वाली एक (25 वर्षीय) युवती ने बीती रात को अपने घर की छत से छलांग लगा दी। अत्यंत गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

थाना फेस- 2 पुलिस ने बताया कि नया गांव में रहने वाली कुमारी ममता (25 वर्ष) ने बीती रात को अज्ञात कारण से अपने घर की छत से नीचे छलांग लगा दिया। वह इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। उनके परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, वहां पर उपचार के दौरान उनकी देर रात को मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर आज सुबह को मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दो एडीसीपी तथा 4 एसीपी के कार्यक्षेत्रों में हुआ बदलाव

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रशासनिक व्यवस्थाओं के मद्देनजर पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने 2 अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) तथा 4 सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किए हैं।



पुलिस कमिश्नरेट की मीडिया सेल से मिली जानकारी के मुताबिक अपर पुलिस उपायुक्त डॉ. प्रवीन रंजन सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) तथा अपर पुलिस उपायुक्त कानून-व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अपर पुलिस उपायुक्त श्रीमती मनीषा सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा एवं अपर पुलिस उपायुक्त साइबर, कमिश्नरेट का प्रभार सौंपा गया है।

नोएडा फेस-1 में सहायक पुलिस आयुक्त विवेक रंजन राय को एसीपी (द्वितीय) के पद से मुक्त कर दिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त अजीत कुमार सिंह को नोएडा फेज-1 में सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय का दायित्व सौंपा गया है।

सहायक पुलिस आयुक्त आंकिक/ साइबर (द्वितीय) हेमंत उपाध्याय को सेंट्रल नोएडा में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम सेंट्रल नोएडा राजीव कुमार गुप्ता को सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय/ आंकिक एवं साइबर (द्वितीय) बनाया गया है।

# लूट के मोबाइल के साथ तीन गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने बीती रात को 3 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से विभिन्न जगहों से लूटे हुए 6 मोबाइल फोन, देसी तमंचा तथा घटना में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल बरामद किया है। इन बदमाशों ने लूटपाट की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है। थाना एक्सप्रेसवे ने बताया कि बीती रात को थाना पुलिस गश्त पर थी। एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने सेक्टर 135 के पास से संजय प्रताप सिंह पुत्र रमेश, दीपक कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार तथा दीपक पुत्र मुरारी लाल को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने विभिन्न जगहों से लूटे हुए 6 मोबाइल फोन, देसी तमंचा तथा (शेष पृष्ठ-4 पर)

# गाजियाबाद पुलिस ने दो गौकश किए लंगड़े

**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान 1 गौकश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर, 1 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारतूस, 700/- रुपये नगद व एक चोरी की मोटर साइकिल बरामद की है।

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी तभी विजयनगर सिद्धार्थ विहार की तरफ से विजयनगर फ्लाई ऑवर ब्रिज के ऊपर से मैट्रो स्टेशन की तरफ मोटर साइकिल से एक व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस टीम द्वारा उसको रोकने का प्रयास किया तो वह अपनी मोटर



साइकिल को फ्लाई ऑवर से एको पार्क की तरफ कच्चे रास्ते पर भागने लगा। पुलिस टीम के द्वारा पीछा किया तो कच्चा रास्ता होने के कारण मोटर साइकिल फिसल कर गिर गयी और उसके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

पुलिस टीम के द्वारा की गयी जवावी कार्यवाही में बदमाश में पैर में गोली लग गयी जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश का नाम तसलीम पुत्र मोहम्मद सलीम उर्फ लगडा निवासी हाकीपुर थाना मुरादनगर कमिश्नरेट गाजियाबाद (28 वर्ष) को ईलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

गिरफ्तार बदमाश के विरुद्ध गौवध व गैंगस्टर के मामले दर्ज हैं। वह विजयनगर की तरफ सडके के किनारे बैठी गायों की रैकी कर गाडी में भरकर ले जाकर गौकशी करने के इरादे से आया था।

वहीं थाना निवाडी पुलिस ने भी मुठभेड़ के बाद गौकशी के मुकदमें में वांछित बदमाश शान मौहम्मद पुत्र भूरे निवासी निवाडी थाना निवाडी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली लगने से शान मोहम्मद घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौकश शान मोहम्मद ने बीते दिनों गोविन्दपुरी मार्ग के पास स्थित सुबोध त्यागी पुत्र रघुनाथ त्यागी निवासी ग्राम सारा थाना निवाडी गाजियाबाद के आम के बाग में हुई गोकशी की घटना को अंजाम दिया था।

# जिसने सीईओ को हाईकोर्ट में तलब कराया, उसे प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बनाया

**नोएडा (चेतना मंच)।** सत्ता व सियासत के दबाव में कभी-कभी शीर्ष अफसरों को भी समझौता करना पड़ता है। ऐसा ही इन दिनों नोएडा प्राधिकरण में देखने को मिल रहा है।

दबाव का आलम यह है कि जिस प्रबंधक की लापरवाही के कारण नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को इलाहाबाद हाईकोर्ट तलब होना पड़ा उसी प्रबंधक को अब जल खंड-1 का प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बना दिया गया। जबकि लापरवाही के चलते सीईओ डॉ. लोकेश एम ने वर्क सर्किल-4 के प्रभारी रहे प्रबंधक अशोक वर्मा को कार्मिक विभाग से अटैच कर दिया था। कुछ माह पूर्व वर्क सर्किल-4




में प्रभारी के पद पर तैनात अशोक वर्मा ने हाईकोर्ट के स्टे ऑर्डर के बावजूद छिजारसी में एक भवन पर बुल्डोजर चलवा दिया था। भवन मालिक ने इसकी शिकायत हाईकोर्ट में की। हाईकोर्ट ने इस प्रकरण में सीईओ डा. लोकेश एम को तलब कर लिया था। लापरवाही बरतने पर सीईओ ने अशोक वर्मा को वर्क सर्किल-4 के प्रभारी पद से हटाकर कार्मिक विभाग में अटैच कर दिया था। अब कल फिर अशोक वर्मा को जल खण्ड-1 का प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बना दिया।

नोएडा प्राधिकरण के सूत्र बताते हैं कि अशोक वर्मा पर एक प्रदेश मंत्री का वरदहस्त बताया जाता है। उन्हीं के प्रयासों से ही उनका कार्मिक विभाग से संबद्धता का बनवास खास करके उन्हें प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक का दायित्व सौंपा गया है।

## संक्रमण की वापसी

दुनिया मानकर चल रही थी कोरोना संक्रमण का काला दौर हमेशा-हमेशा के लिये चला गया है। पिछले कुछ वर्षों से जन-जीवन फिर पटरी पर लौट रहा था। विश्व के कुछ क्षेत्रों में जारी युद्ध और अन्य विषम परिस्थितियों के बीच जारी आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से पहली स्थिति में पहुंचने के लिये जद्दोजहद कर रही थी। लेकिन कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की भी है कि भारत में केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई के अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की संक्रमण से हुई मौत को लेकर भी चिंता जतायी जा रही है। हालांकि, अस्पताल का दावा है कि एक रोगी कैंसर तो दूसरा किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित था। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण की पिछली कई लहरों से सबक लेकर उपचारात्मक नीतियों के क्रियान्वयन व चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार देने की जरूरत है। इससे पहले कि वायरस अनियंत्रित हो, सरकार व स्वास्थ्य एजेंसियों को बचाव के उपाय युद्ध स्तर पर करने चाहिए। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बार के संक्रमण के लिये ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जे.ए.1 तथा वेरिएंट एल.एफ.7 और एन.बी.18 जिम्मेदार हैं। बताया जा रहा है कि जे.एन.1 वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है। विश्व के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि नये वेरिएंट से पीड़ित लोगों में गले में खराश, नींद न आना, छींके आना, खांसी, एंग्जाइटी, नाक बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी, थकान व मांसपेसियों में दर्द की शिकायत शामिल हो सकती है। हालांकि, इनमें से कुछ आम इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण का टेस्ट करवाना भी जरूरी हो जाता है। वैसा कहना मुश्किल है कि कोरोना का वायरस हमारे बीच से चला गया। वह कहीं गया नहीं बल्कि टीकाकरण से मिली हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता ने उसे रोक दिया। लेकिन दिक्कत यह है कि मौसम परिवर्तन चक्र के बीच में म्यूटेशन से इसके नये वेरिएंट सामने आते हैं। जिनका मुकाबला करने व शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। निस्संदेह, यह एक चुनौती है, लेकिन इससे घबराने की नहीं, समझदारी और सतर्कता से निपटने की जरूरत है। पिछली कई बड़ी कोरोना संक्रमण की लहरों ने हमें इस संक्रमण से मुकाबले के सबक दिए हैं। एक समय था जब हमारा चिकित्सा ढांचा इसके मुकाबले के लिये तैयार न था। जीवनदायिनी ऑक्सीजन की उत्पादन क्षमता और भंडारण में हम अब आत्मनिर्भर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन अभियान चलाकर हमने 140 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है। हमने अपने नागरिकों को ही सुरक्षा कवच नहीं दिया, बल्कि पूरी दुनिया के अनेक देशों को भारत की वैक्सीन व चिकित्सा सामग्री देकर एक मिसाल कायम की है। दरअसल, कोरोना संक्रमण से बचने के वही उपाय हमें सुरक्षा देंगे, जो हमने पिछले संक्रमण लहरों में सफलतापूर्वक अपनाए थे। इनमें साफ-सफाई का ध्यान रखना है, सुरक्षित दूरी रखनी है, अपने खानपान को सुधारना है, हाथ मिलाने व भीड़भाड़ वालों स्थानों पर जाने से बचना चाहिए। मास्क का उपयोग अनिवार्य शर्त है। लक्षण दिखने पर जांच कराना और खुद को समाज व परिवार से अलग करना समझदारी होगी। हमारी सजगता व चिकित्सातंत्र की सक्रियता के आगे फिर वायरस कहां टिकेगा।

# सही कहा राहुल जी, देश को सच्चाई जानने का हक है

फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक वॉल्टेयर कहते हैं किङ्क किसी भी व्यक्ति को उसके प्रश्नों से पहचानें, न कि उसके उत्तरों से। हमारे द्वारा किसी से भी पूछा गया प्रश्न यूं तो साधारण मालूम होता है, लेकिन यह हमारी संवेदनशीलता और चरित्र का भी मूल्यांकन करता है। इसलिए लिहाज़ा जब भी प्रश्न करना हो तो उससे पहले स्वयं से प्रश्न करना आवश्यक है।

पिछले लगभग 11 वर्षों में राहुल गांधी भारत सरकार और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रश्न पूछते रहते हैं। प्राय- राहुल गांधी के प्रश्नों का मंतव्य देश, सेना और सरकार की छवि धूमिल करना होता है। अपनी आदत से मजबूर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। एक तरह से कह सकते हैं कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के सबसे बड़े नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रमाण मांगे हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्न पूछने के कारण राहुल गांधी पुन- एक बार पाकिस्तानी मीडिया की आंखों के तारे बने हुए हैं। राहुल गांधी का यह पोस्ट पाकिस्तानी मीडिया में बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जा रहा है। राहुल गांधी के पोस्ट को पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया चैनलों और समाचार पत्रों ने भी हाथों-हाथ लिया है। कई टीवी डिबेट्स में इस पर चर्चा हो रही है। राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि 'विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं- हमने कितने भारतीय विमान खोए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी? यह चूक नहीं थी, यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है।

वैसे यह कोई प्रथम अवसर नहीं है जब कांग्रेस या उसके नेता ने देश के गौरव, उपलब्धि और सेना के पराक्रम को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। बालाकोट एयर स्ट्राइक और उरी सर्जिकल स्ट्राइक के समय भी कांग्रेस ने सेना से प्रमाण मांगे थे। भारतीय सेना स्पष्ट कर चुकी कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत का कोई विमान हताहत नहीं हुआ। बावजूद इसके राहुल गांधी सेना के बयान को झूठा साबित करने में लगे हैं। ऐसा करके वो यह साबित करना चाहते हैं कि भारतीय सेना सरकार के दबाव और कहने पर झूठ बोल रही है। सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशवासियों से कुछ छिपा रही है।

वास्तविकता यह है कि, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जैसा विध्वंस पाकिस्तान में किया है, उतना 1965 और 1971 के युद्ध में भी नहीं हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने जो किया वह चीन, तुर्किए और अमेरिका को भी



**राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि 'विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं- हमने कितने भारतीय विमान खोए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी? यह चूक नहीं थी, यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है।**

सदमे में डालने वाला है। भारतीय सेना हर बार की भांति इस बार भी अतुलनीय, अपराजेय और अगम्य रही। कांग्रेस पार्टी भी सच्चाई से अवगत है। लेकिन, मोदी सरकार को ऑपरेशन सिंदूर का कहीं श्रेय न मिल जाए, इसलिए वो क्षुद्र राजनीति पर उतर आई है। वास्तव में, कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते करते प्राय- राष्ट्र विरोध पर उतर आती है।

यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिंदू पर्यटकों को निर्दयता से मारा। बावजूद इसके, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने पाकिस्तान की कड़े शब्दों में निंदा नहीं की? पाकिस्तान ही नहीं हमारे शत्रु चीन के साथ कांग्रेस के मधुर संबंध जगजाहिर हैं। कांग्रेस पार्टी का चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ एमओयू, डोकलाम विवाद के समय राहुल गांधी का चोरी-छिपे चीनी दूतावास के अधिकारियों से मिलना,चीनी झड़प के दौरान सरकार-सेना पर सवाल उठाना, सरकार की जगह पार्टी से परिवार के लोगों का चीन जाना, कैलाश मानसरोवर की यात्रा के दौरान चीनी अधिकारियों से गुपचुप मुलाकात करना यह सब कांग्रेस पार्टी के साथ गांधी परिवार को संदेह के घेरे में खड़ा करता है।

11 नवंबर 2019 को तुर्किए की सरकारी न्यूज एजेंसी %अनादोलू% ने एक खबर के मुताबिक, भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तुर्की में अपना एक विदेशी कार्यालय खोला है। यह वहीं तुर्की है जो हमारे शत्रु पाकिस्तान को हथियार देता है। कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताता है। कश्मीर के आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानी कहता है। ऑपरेशन सिंदूर के समय तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया। क्या ये भारत के खिलाफ खड़े देशों से मेलजोल का हिस्सा है? क्या कांग्रेस तुर्की के ज़रिए पाकिस्तान से卐बैकडोर卐 संवाद कर रही थी? क्या ये भारत के खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र है?

राहुल जी, देश भी आपसे प्रश्न पूछना चाहता है। 1962 के युद्ध में कांग्रेस की सरकार ने हजारों वर्ग किमी जमीन चीन क्यों हड़पने दी? 1971 के युद्ध में कांग्रेस की सरकार अपने 54 वीर सैनिकों को पाकिस्तान से क्यों छुड़ा नहीं पाई? 1971 के युद्ध और शिमला समझौते से भारत को क्या हासिल हुआ? सिंधु जल संधि में भारत के हिस्से का पानी पाकिस्तान को क्यों दिया गया? तुर्की जैसे भारत विरोधी देश में आपकी पार्टी को आफिस खोलने की क्या जरूरत थी? चीन से गुपचुप मिलने और एमओयू साइन करने में कौन सा देश हित छिपा है? आतंकियों और उनके सरपरस्त पाकिस्तान के प्रति कांग्रेस पार्टी का रवैया हमेशा %नरम% क्यों रहता है? देश को यह सच्चाई जानने का भी हक है।

राहुल जी, पिछले कुछ वर्षों में आपने कई बार विदेशी मंचों का प्रयोग भारत को लेकर विवादास्पद बयान देने के लिए किया है। इस पर आपकी पार्टी का यह तर्क रहा है कि वे भारत की %असली तस्वीर% दुनिया के सामने रख रहे हैं। लेकिन, राहुल जी आलोचना और अपयश में एक सूक्ष्म अंतर होता है। एक राष्ट्रीय नेता को यह समझना चाहिए कि देश और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दिए गए वक्तव्य केवल घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे देश की छवि, निवेशकों के भरोसे और वैश्विक कूटनीतिक संबंधों पर भी प्रभाव डालते हैं।

राहुल जी, पंजाबी के चर्चित कवि शिव कुमार बटालवी ने लिखा है- 'चंगा हुंदा सवाल ना करदा मैंनूं तेरा जवाब लै बैठा।' अर्थात प्रश्न न करना ही अच्छा रहता है क्योंकि प्रश्न के उत्तर में जो कहा गया वो प्रश्न करने वाले को ही ले बैठा अथवा उसे ही तोड़ डाला या समाप्त कर डाला। हमारे द्वारा पूछे गए किसी प्रश्न का कोई क्या उत्तर देता है और किस अंदाज़ में देता है यह तो हमारे वश में नहीं होता, लेकिन प्रश्न पूछना अवश्य हमारे वश में होता है। कई बार ऐसे प्रश्न पूछ लिए जाते हैं जिनसे सामने वाले का मूल्यांकन होने के बजाय पूछने वाले का ही मूल्यांकन हो जाता है।

राहुल जी, सच को कभी झुठलाया और छिपाया नहीं जा सकता। देश को सच जानने का हक है। जो सवाल ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आपने पूछे हैं उनका जवाब तो सेना पहले ही दे चुकी है। लेकिन सच की आड़ लेकर आप और आपकी पार्टी जो झूठ, अविश्वास, संदेह और भ्रम फैला रही है, उससे सेना और देशवासियों के मनोबल और विश्वास को ठेस पहुंचती है।

**-डॉ. आशीष वशिष्ठ**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि मेरा शरीर वृद्धावस्था, मृत्यु और दु:ख से रहित हो जाए, मुझे युद्ध में कोई जीत न सके और पृथ्वी पर मेरा सौ कल्पतक एकछत्र अकण्टक राज्य हो॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कह तापस नृप ऐसेइ होऊ। कारन एक कठिन सुनु सोऊ॥**
**कालउ तुअ पद नाइहि सीसा। एक बिप्रकुल छाड़ि महीसा॥**

तपस्वी ने कहा- हे राजन! ऐसा ही हो, पर एक बात कठिन है, उसे भी सुन लो। हे पृथ्वी के स्वामी! केवल ब्राह्मण कुल को छोड़ काल भी तुम्हारे चरणों पर सिर नवाएगा॥

**तपबल बिप्र सदा बरिआरा। तिन्ह के कोप न कोउ रखवारा॥**
**जौं बिप्रन्ह बस करहु नरेसा। तौ तुअ बस बिधि बिष्नु महेसा॥**

तप के बल से ब्राह्मण सदा बलवान रहते हैं। उनके क्रोध से रक्षा करने वाला कोई नहीं है। हे नरपति! यदि तुम ब्राह्मणों को वश में कर लो, तो ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी तुम्हारे अधीन हो जाएँगे॥

**चल न ब्रह्मकुल सन बरिआई। सत्य कहउँ दोउ भुजा उठाई॥**
**बिप्र श्राप बिनु सुनु महिपाला। तोर नास नहिं कवनेहुँ काला॥**

ब्राह्मण कुल से जोर जबर्दस्ती नहीं चल सकती, मैं दोनों भुजा उठाकर सत्य कहता हूँ। हे राजन! सुनो, ब्राह्मणों के शाप बिना तुम्हारा नाश किसी काल में नहीं होगा॥

**( क्रमश:... )**

## हाशिए के बाहर छूटे लोग

वक्त बदल रहा है। जीवन में सच का महत्व कम और झूठ का महत्व अधिक होता जा रहा है। सफल वही है, जिसके व्यवहार में स्वाभाविकता कम और नाटकीयता अधिक हो। आदर्श, नैतिकता और मानवीय मूल्य ज्यों-ज्यों दैनिक व्यवहार से लुप्त होते जा रहे हैं, त्यों-त्यों उनकी श्लाघा बघारने वाले अधिक होते जा रहे हैं।

अच्छा अभिनेता वह जिसे पर्दा स्क्रीन पर अपना किरदार निभाना आए या न, लेकिन पूरा दिन वह महसूस करे कि घर के बाहर बस यूं ही चलते हुए भी जैसे कैमरे की आंख उस पर लगी है। समय का निदेशक चिल्लाता है, 'स्टार्ट' तो वह चल देता है, और वह इशारा करे 'कट' तो मौन पसर जाता है। तब उसका जिंदगी में नेता, अभिनेता, समाज सुधारक अथवा धर्म प्रचारक बनने का अभिनय रुक जाता है। लेकिन समय का निदेशक संभवत- 'कट' कहना भूल जाता है, इसलिए नेता की नेतागिरी, अभिनेता का थोथा सुपरहीरो अभिनय, समाज सुधारक के लंबे प्रवचन, और धर्म प्रचारक की फालतू पोंगापंथी कभी रुकती नहीं। बनावट के इस परिवेश में जीते जी नेतागिरी से जनसेवा के स्थान पर स्वजन सेवा, अभिनय के स्थान पर केवल नकली हीरो का प्रपंच, भाषणों से लिपापुता समाज और भी रसातल को चला जाता है, और धर्म प्रचार में जातीयता तथा असहिष्णुता के कीटाणु पनप नया सच बन जाते हैं। वैसे अपनी सीमा तो यह है कि देश का रुतबा भुखमरी के सूचकांक में कुछ और नीचे उतर गया है। धन्ना सेठ खैरात संस्कृति को समाधान मान, भूखों में मुफ्त रोटी बांट अपनी सात पुश्तों के तरने की कल्पना करने लगते हैं और उधर काम के बिना भूख से तड़पता हुआ देश का भविष्य उसी अंधेरे में डूबा रहता है, जिसमें उसे सदियों से सिसकने की आदत हो गई है। अपने देश की संस्कृति की महानता बघारने की आदत हमें है, और कलाकार अपनी नुमायशें खुद लगाकर अपनी किताबें खुद छपवा कर अपने सम्मान समारोह आयोजित करके अपनी मौलिक राह पर चलने का साहस करने वाले कलाकारों को 'जाति बाहर' कर देने का फरमान



सुना देते हैं। लो, इक्कीसवीं सदी का पांचवां हिस्सा गुजर गया।

सामाजिक कायाकल्प कर देने के लिए 'मन की बात' भी होती रहती है, लेकिन आदर्शों का 'झण्डा ऊंचा रहे हमारा' का बैंड बाजा उसी तरह कोलाहल करता रहेगा। चाहे उसके पिछवाड़े नारी समानता और नारी शक्तिकरण के नाम पर अपहरण और दुष्कर्म की घटनाएं अधिक क्रूरता की सीमा लांघ जाएं। नित्य नए गुडि़या कांड होते हैं और उनके अपराधी प्रत्यक्ष साक्ष्यों के बावजूद न्याय की चक्की में तारीख पर तारीख के बचाव मार्ग को अपनी उच्च कुलीनता की शाल की तरह ओढने का अभिनय करते रहे हैं। देश का लोकतंत्र अपनी पूर्ण गरिमा के साथ मुस्करा कर अपने आपको दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहता है, लेकिन क्या कारण है कि इसकी संसद और विधानसभाएं आज भी उन जननेताओं से भरी हैं, जिनके आपराधिक रिकार्ड सबको कुंठित कर देते हैं। लेकिन केवल आरोपित हो जाने से कोई अपराधी नहीं हो जाता है, कानून पटल हमें समझाता है।

आरोपित को जब तक दंड न मिले, उसे अपराधी नहीं कहा जा सकता। अत- उसे समाज की बागडोर संभालने का पूरा हक है। अधिक से अधिक उसे अपने अपराधों के आरोपों का ब्यौरा सोशल मीडिया पर डालने के लिए मजबूर किया जा सकता है। लेकिन इस देश की पब्लिक सच कहती है कि इन बाहुबलियों को अपनाने के सिवाय उनके पास और कोई विकल्प ही कहां है, क्योंकि जो लोग जनसेवा के लिए अपनी जान खपा सकते थे, वे तो आर्थिक हाशिये के बाहर छूट गए। वे चुनाव लड़ेंगे तो अपनी जमानत जब्त करवा बैठेंगे। अत- जनता वही पुराने स्वर्ण सिद्धांत की तोता रटन्त करते हुए अपने मत पत्र ले एक वही अन्तहीन कतार में खड़ी हो जाती है, अरे, वही स्वर्ण सिद्धांत, 'समरथ को नाहीं दोष गोसाईं।'

**-सुरेश सेठ**

## राशिफल

**ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष एकादशी** **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। थोड़ा सा सर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। प्रेम, संतान पहले से बेहतर होगा

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। मानसिक दबाव बना रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
कोर्ट-कचहरी में दबदबा कायम रहेगा आपका। जीत पक्की है। थोड़ा रुकावट के साथ प्रेम,संतान अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
मानसिक अवसाद रहेगा थोड़ा प्रतिष्ठा को लेकर के। भाग्य कम साथ देगा। प्रेम, संतान और व्यापार अच्छा रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल रहेंगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी, चाकरी की स्थिति रुकावट के साथ आगे बढ़ेगी। प्रेम, संतान अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आर्शीवाद मिलेगा। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मानसिक अवसाद बना रहेगा। कन्फ्यूजन की स्थिति रहेगी। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी में खलल पड़ेगा। स्वास्थ्य मध्यम। रक्तचाप अनियमित हो सकता है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। बस अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
धन-हानि के संकेत हैं, इसलिए निवेश वर्जित रहेगा। बाकी रुपये, पैसे में बढ़ोतरी होगी। नया निवेश न करें अभी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
रक्तचाप पर ध्यान दें। स्वास्थ्य थोड़ा सा घबराहट, बेचैनी बनी रहेगी। प्रेम, संतान में दूरी कम हुई है लेकिन थोड़ी नकारात्मकता अभी है।



*अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती पर भाजपा द्वारा आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन के मौके पर सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में मौजूद भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश शर्मा व क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा।*

# नोएडा को सोलर सिटी में विकसित कर रही है सरकार

## प्रदेश में 2017 से अब तक 165 लाख कनेक्शन

**लखनऊ ( एजेंसी )।** ऊर्जा के बिना जीवों का जीवन सम्भव नहीं है, यह हमारे जीवन का आधार है। ऊर्जा किसी वस्तु में कार्य करने या बदलाव करने की क्षमता होती है। इसे कार्य करने की क्षमता के रूप में भी जाना जाता है। हर क्षेत्र में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। ऊर्जा हमें जीवित रहने और प्रगति करने के लिए जरूरी है। आज हर क्षेत्र में बिना ऊर्जा के जीवन असंभव हो गया है। उद्योग, कृषि, परिवहन व घरेलू तथा सामाजिक जीवन सहित विकास के हर स्तर पर ऊर्जा अति आवश्यक हो गयी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में विद्युत उत्पादन और मांग के अनुसार आपूति के लिए सुदृढ़ व्यवस्था की है। आज प्रदेश में गाँवों से लेकर शहरों के समस्त क्षेत्रों में अच्छे ढंग से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। वर्ष 2024-2025 में माह दिसम्बर तक औसत आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र में 20 घण्टे 35 मिनट, तहसील मुख्यालय में 22 घण्टे 36 मिनट तथा जनपद मुख्यालय में 24 घण्टे की जा रही है। प्रदेश में दिसम्बर 2023 तक 2,94,818 मजरों को विद्युतीकृत किया गया। प्रदेश में 2017 से अब तक 165 लाख विद्युत कनेक्शन किये गये तथा 33/11 के.वी.के 749 नये विद्युत उपकेन्द्र स्थापित एवं 1528 विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि की गई है।

अयोध्या को सोलर सिटी और बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे को सोलर एक्सप्रेस-वे के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 16 नगर निगमों एवं नोएडा शहर को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा वर्ष 2024-2025 में दिसम्बर माह तक 7140 मेगावॉट ताप विद्युत उत्पादन क्षमता व संयुक्त उपक्रम में चलित 1980 मेगावॉट का उत्पादन क्षमता एवं 37,056 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन प्राप्त किया गया।

प्रदेश में गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने के लिए पम्प स्टोरेज जल विद्युत परियोजना की स्थापना का निर्णय लिया गया है। कोल इण्डिया लिमिटेड के साथ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के रूप में जनपद जालौन में 500 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना प्रस्तावित हैं। एन.टी.पी.सी. ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के माध्यम से तहसील गरौठा जनपद झाँसी में 200 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना भी की जा रही है। 2'800 मे.वा. ओबरा डी तापीय परियोजना की स्थापना का निर्णय लिया गया है। कानपुर में 3'660 मेगावॉट घाटमपुर तापीय परियोजना की प्रथम इकाई पूर्ण कर ली गयी है तथा द्वितीय एवं तृतीय इकाई से क्रमशः मई, 2025 एवं अगस्त, 2025 से उत्पादन प्रारम्भ हो जायेगा।

उत्तर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए डी0बी0एफ0ओ0ओ0 बिड प्रक्रिया के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य में 2'800 मेगावॉट (1600 मेगावॉट) तापीय परियोजना स्थापित करने एवं उससे 1500 मे0वा0 ऊर्जा क्रय किया जायेगा । केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा दी गयी रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य को अपनी ऊर्जा की डिमांड को पूर्ण करने के लिए वित्तीय वर्ष 2033-34 तक लगभग 10,795 मे0वा0 की तापीय ऊर्जा की अतिरिक्त आवश्यकता होगी। इसके साथ ही रिन्यूएबल परचेज ऑब्लीगेशन के दृष्टिगत 23500 मे0वा0 की नवकरणीय ऊर्जा खरीद का रोड मैप भी तैयार किया गया है, जिसमें 8500 मे0वा0 सौर ऊर्जा, 7500 मे0वा0 पवन ऊर्जा एवं 7500 मे0वा0 हाइड्रो ऊर्जा की आवश्यकता होगी, जिसके लिए सरकार द्वारा अलग से कार्यवायी की जा रही है। ऊर्जा की आवश्यकता के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने व्यवस्था कर ली है।

# तिरंगा यात्रा निकाल कर दी वीर जवानों को श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय सेना के गौरवशाली अभियान ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में भाजपा ग्रेटर नोएडा मंडल ने एक भव्य और ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह आयोजन ज़िला गौतम बुद्ध नगर के भाजपा ज़िलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा के संरक्षण में संपन्न हुआ।

यह यात्रा भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान को नमन करने हेतु आयोजित की गई थी। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत नोएडा सेक्टर-150 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क से की गई। बड़ी संख्या में आम नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्कूली छात्र, युवा एवं पूर्व सैनिक तिरंगा लेकर इस यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा ग्रेटर नोएडा शहर को देशभक्ति के नारों और देश प्रेम के रंगों से



सराबोर कर गई। पूरे मार्ग में भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के गगनभेदी उद्घोष गूंजते रहे।

यात्रा का समापन एक विशेष श्रद्धांजलि सभा के साथ हुआ, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वीरगति को प्राप्त अमर शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।

ग्रेटर नोएडा मंडल के अध्यक्ष अर्पित तिवारी ने इस अवसर पर रिटायर्ड सूबेदार मेजर योगेंद्र चौधरी, रिटायर्ड एयर फोर्स वारंट ऑफिसर रणवीर सिंह, एवं ज्ञानचंद शर्मा (आर्मी ऑफिसर) का फूल मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस भावपूर्ण क्षण ने समूचे वातावरण को भावुक कर दिया। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

भाजपा जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और बलिदान की अमर गाथा है। यह तिरंगा यात्रा हमारी उस कृतज्ञता का प्रतीक है, जो हम अपने वीर सपूतों के प्रति सदैव रखते हैं।

वरिष्ठ नेता सुभाष भाटी व दीपक भारद्वाज ने कहा कि तिरंगा यात्रा 'ऑपरेशन सिंदूर' में सेना द्वारा पहलगाम की आतंकवादी घटना के ज़िम्मेदार पाकिस्तानी आतंकवादियों के ठिकानों को चुन-चुन कर नष्ट करने के अद्वितीय सैन्य पराक्रम और शौर्य की प्रतीक है। बिसरख और बादलपुर मंडल की तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी, सतेन्द्र नागर, राज नागर, सतेन्द्र अवाना, मुकेश चौहान, महेंद्र नागर और संजय भाटी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# बीएचईएल कंपनी पर दिया धरना

**नोएडा (चेतना मंच)।** मैसर्स भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड सेक्टर- 16 के प्रबंधन द्वारा संस्थान में वर्षों वर्षों से लगातार स्थाई रूप से कार्यरत श्रमिकों का लगातार आर्थिक शोषण, उत्पीड़न करने संस्थान पर लागू वेतनमान श्रमिकों को भुगतान न करने पर कंपनी पर प्रदर्शन किया।

यूनियन लीडर रणजीत सिंह ने कहा कि प्रबंधन जब तक श्रमिकों को कार्य पर नहीं लेंगे तब तक संस्थान के समक्ष कर्मचारी ड्यूटी जाते समय और ड्यूटी समाप्त होने पर कंपनी के मुख्य द्वार के समक्ष गेट मीटिंग/प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हैं और कार्य से रोके गए सभी श्रमिक संस्थान के मुख्य द्वार के समक्ष कांन्ट्रेक्ट लेबर इम्पलाईज यूनियन सीटू के झंडा- बैनर के साथ के साथ धरना पर बैठ रहे हैं।

धरना प्रदर्शन को आज 31 वें दिन सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा व महासचिव रामसागर ने संबोधित




किया। साथ ही उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन निकाले गए सभी कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति सहित कार्य पर पुनः बहाल करें अन्यथा तय कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन संस्थान के समक्ष आंदोलन जारी रहेगा और आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की स्मृति में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय सेना के गौरवशाली सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' की स्मृति में ग्रेटर नोएडा मंडल में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन भाजपा ग्रेटर नोएडा मंडल द्वारा ज़िला भाजपा अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के संरक्षण और मंडल अध्यक्ष अर्पित तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत सेक्टर-150 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क से की गई। इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत आयोजन में बड़ी संख्या में आम नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, स्कूली छात्रों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, युवाओं और पूर्व




सैनिकों ने भाग लिया।

हर हाथ में तिरंगा था और यात्रा मार्ग भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से गूंज उठा। पूरे शहर में देशभक्ति का वातावरण बन गया।

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा ग्रेटर नोएडा मंडल अध्यक्ष सुनील पंडित तुगलपुरिया अपनी टीम के साथ शामिल हुए और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बिजली समस्याओं को लेकर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन ने एक्शन को सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दादरी तहसील के सब स्टेशन धूम मानिकपुर पर अधिशाषी प्रवीण कुमार सिंह को विद्युत समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन के दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपबास ने बताया कि आई दिन बिजली की कटौती हो रही है जिसमें क्षेत्र गांव के ग्रामीणों में रोस है।

बुजुर्ग बच्चे इस भीषण गर्मी में परेशान है बीमारी से पीड़ित लोग परेशान है इस भीषण गर्मी को देखते हुए लाइट की बहुत समस्या हो रही है 2 दिन हो गए हैं लाइट बिलकुल नहीं आ रही है हर बार बिजली विभाग से शासन प्रशासन से आश्वासन मिलता है कि अबकी



बार बिजली की समस्या नहीं आएगी लेकिन हर बार बिजली की समस्या आती है बच्चों के पेपर चल रहे हैं जिसमें शिक्षा पर भी प्रभाव पड़ रहा है।

अधिशाषी प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि बिजली की समस्या है ट्रांसफॉर्म फाल्ट होने के कारण दिक्कत हो रही थी। बड़ा ट्रांसफार्म भी आ गया है,आंधी तूफान आने के कारण बिजली चालू नहीं हो पाई थी जल्दी समस्या का समाधान करा लाइट को सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन का कहना है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बिजली घर धूम मानिकपुर पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन आंदोलन करने को मजबूर हो जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन और बिजली विभाग की होगी। ज्ञापन देने के दौरान अमित मुखिया किसान नेता राजकुमार रूपबास मनोज कुमार सुनील कुमार अंकुर मोनू चौधरी बृजपाल नागर हरविंदर ओमनआदि मौजूद थे।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जनवादी महिला समिति का रोष मार्च




**नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की दिल्ली-एनसीआर राज्य कमेटी ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जोरदार रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान समिति की ओर से हरकिशन सिंह सुरजीत भवन से भाजपा दफ्तर तक जुलूस निकाला गया, जिसे पुलिस ने भाजपा कार्यालय से ठीक पहले रोक दिया। जुलूस का नेतृत्व अध्यक्ष आशा यादव और महासचिव कविता शर्मा कर रही थीं। प्रदर्शन के दौरान समिति ने निम्न प्रमुख मांगें और संदेश सामने रखे। पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा, मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि, पीड़ित परिवारों को सरकार से पूर्ण सहयोग और मुआवजा देने की मांग, हमले के दौरान हुई सुरक्षा चूक की उच्चस्तरीय जांच की मांग, कर्नल सोफ़िया कुरैशी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री को बर्खास्त करने की मांग, नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी पर हो रहे हमलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लोकतंत्र में विरोध और सवाल पूछना जनता का अधिकार है, और ऐसे मुद्दों पर चुप रहना देश के लिए खतरनाक संकेत है। भले ही पुलिस ने जुलूस को भाजपा दफ्तर तक पहुंचने से रोक दिया, लेकिन हमारा संदेश स्पष्ट और बुलंद आवाज़ में पहुंचा है, ऐसा कहना था आयोजकों का।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित भव्य तिरंगा यात्रा



**भदोही।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में कल विधानसभा भदोही के अंतर्गत, जिले के संयोजक नागेंद्र सिंह के सौजन्य से एवं विधानसभा भदोही के संयोजक अशोक जायसवाल द्वारा भारतीय जनता पार्टी ने एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के सम्मान में आयोजित की गई।

तिरंगा यात्रा में भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को नमन करते हुए देशभक्ति का अद्वितीय दृश्य देखने को मिला। लोगों के भीतर देशभक्ति का जुनून साफ़ नजर आ रहा था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमारे देश के सैनिक हर परिस्थिति में तैयार रहते हैं और कठिन से कठिन समय में भारत को ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखते हैं। हम इन वीर सपूतों को बार-बार नमन करते हैं जो हर परिस्थिति में हमारे देश की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

वहीं आम नागरिकों ने भी एक सुर में कहा कि अगर पाकिस्तान भविष्य में फिर किसी भी प्रकार का कायराना हमला करता है तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस आयोजन से यह स्पष्ट संदेश गया कि भारत की जनता अपने सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनके शौर्य पर गर्व करती है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा, पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, नागेंद्र सिंह, अभय राज सिंह, अशोक जायसवाल, गोवर्धन राय, दिलीप गुप्ता, अरविंद मौर्या, विनीत बरनवाल, ओम सिंह, रविंद्र दुबे, शैलेंद्र दुबे, मनीष पांडे, शिवम तिवारी, तहसीलदार सिंह, तथा भारी संख्या में उपस्थित सम्मानित नागरिकगण जैसे राकेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।



**खास खबर**

## ढाका में यात्री बस को किया हाईजैक

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी से लगे ढाका-तंगैल-जमुना ब्रिज राजमार्ग पर मंगलवार रात यात्रियों से भरी बस को हथियारों से लैस लुटेरों ने हाईजैक कर लिया। पूरी रात यात्रियों को बंधक बनाकर लूटपाट की, बल्कि महिला यात्रियों के साथ छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार भी किया। यह घटना बांग्लादेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बस मंगलवार रात ढाका के अब्दुल्लापुर से रंगपुर के लिए रवाना हुई थी, जिसमें करीब 45 यात्री सवार थे, जिनमें 10 महिलाएं थीं। रास्ते में यात्रियों के वेश में कुछ लोग बस में चढ़े और कुछ ही दूर जाने के बाद अचानक हथियार निकालकर बस को हाईजैक कर लिया। लुटेरों ने ड्राइवर समेत सभी यात्रियों की आंखों पर पट्टी बांध दी और एक-एक कर सबका सामान, मोबाइल, नकदी और जेवरात लूट लिए। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि लुटेरों ने महिला यात्रियों के साथ छेड़छाड़ की। एक यात्री के मुताबिक आंखों पर पट्टी बंधी होने के बावजूद उसने महिलाओं की चीखें और गिड़गिड़ाने की आवाजें सुनीं।

## ग्रीस में 6 की तीव्रता से आया भूकंप

**एथेंस।** ग्रीस के क्रेते द्वीप के पास आज सुबह 7:19 बजे 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। लोग डर के कारण घर से बाहर निकले और सड़कों पर एकत्रित हो गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.0 थी। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप का केंद्र क्रेते के हेराक्लिओन से 79 किमी उत्तर-पूर्व में 67 किमी की गहराई पर था। ग्रीस की आपातकालीन सेवा ने तटीय इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है। भूकंप का असर सेंटोरिनी तक महसूस किया गया, जहां लोग सड़कों पर निकल आए और कैल्डेरा में कुछ भूस्खलन की खबरें हैं। जर्मन भूकंप वार्निंग एजेंसी जीएफजेड ने बताया कि भूकंप 77 किमी की गहराई पर आया। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएसएमसी) ने सुनामी के खतरे की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अभी मूल्यांकन किया जा रहा है।

## बालिका व शिशु गृह का निरीक्षण

**जोधपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर के अध्यक्ष अजय शर्मा के निदेर्शाधीन गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विवधता दिवस के अवसर पर सचिव राकेश रामावत ने राजकीय बालिका गृह में पौधारोपण एवं पक्षियों के लिए परिंडें लगाए तथा राजकीय बालिका एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया।कार्यक्रम में नीम गिलोय, सेहजन, केला, तुलसी, नीम इत्यादि विभिन्न प्रकार के औषधि, फलदार एवं छायादार प्रकार के पौधे तथा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में समर्पण मारवाड़ सेवा संस्थान जोधपुर का योगदान रहा तथा संस्था की तरफ से संस्था के अध्यक्ष कपिल अरोड़ा एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष विजय लक्ष्मी अरोड़ा तथा बालिका गृह की अधीक्षक तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहे। सचिव राकेश रामावत द्वारा राजकीय बालिका एवं शिशु गृह का मासिक निरीक्षण भी किया गया तथा इस गृह में निवासरत बालिकाओं से वातार्लाप की गई तथा उनके स्वास्थ्य, खान-पान, अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच-पड़ताल कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# आंधी ने मचाई तबाही, 100 घर जले, 20 की मौत


▶ रास्ते में पेड़ गिरने से नहीं पहुंच पाई दमकल



एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के करीब 20 जिलों में आई आंधी ने जमकर तबाही मचाई। इसमें अलग अलग घटनाओं में करीब 100 घर जले हैं और लगभग 20 लोगों की मौत हुई। वहीं तेज आंधी के कारण सड़कों पर बड़े बड़े वृक्ष गिरने से रास्ते बंद हो गए। नजीजा ये रहा है कि कई दमकलें रास्तों में ही फंसी रहीं। इसके बाद भी दमकल कर्मचारियों ने दो पहिया वाहनों से जैसे तैसे घटना स्थल तक पहुंचने की कोशिश की तो कहीं पहुंचे और कहीं नहीं भी पहुंच पाए। इसके बाद तेज बारिश ने भी कहर बरपाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बदायूं जिले में तेज आंधी-बारिश के बाद जरीफनगर के कई गांवो में आग लगने से 100 से ज्यादा घर जल गए। ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी आग लगने की सूचना दी थी। हालांकि तेज आंधी की वजह से रास्ते में कई पेड़ टूटकर गिरे हुए थे, जिसके चलते फायर ब्रिगेड और पुलिस समय पर नहीं पहुंच पाई। जैसे-तैसे पुलिस कर्मी बाइकों का इंतजाम करते खेतों से होकर गांव में पहुंचे। बताया जा रहा है कि इस हादसे में गांव में बड़ा नुकसान हुआ है। उनके घरों में रखा सारा सामान जल गया है। जिले की नगर पंचायत दहगवां, जरीफनगर, सोनखेड़ा, जमुनी और मालपुर ततेरा सहित कई गांवों में आंधी के दौरान आग लगी। आग की घटना के बाद एसपी देहात, एसडीएम सहसवान, तहसीलदार और राजस्व विभाग की टीम नुकसान का आंकलन कर रही है। सहारनपुर में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं गाजियाबाद में आंधी के चलते पेड़ गिरने से एक युवक की मौत हो गई और बिजली ठप हो गई। वहीं भयंकर आंधी-तूफान में जलेसर कोतवाली क्षेत्र के गांव महानमई में टीन सेट सहित दीवार गिरने से परिवार के 6 लोग दबे। टीन सेट और दीवार के नीचे दबे मासूम बच्ची सहित 6 लोग घायल हो गए, जिसमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को कराया भर्ती। सूचना पर जलेसर की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं एटा में तेज बारिश और आंधी के चलते सवारियों से भरी बोलेरो के ऊपर इलेक्ट्रिक पोल गिर गया। हालांकि बोलेरो सवार बाल-बाल बच गए। आंधी और बारिश के चलते जनपद में कई जगह पर विद्युत पोल गिरे। वहीं सूचना के बाद मौके पर एटा चेयरमेन और बिजली विभाग की टीम पहुंची।मेरठ में आंधी तूफान और बारिश के चलते बड़ा हादसा हो गया, जहां चार मंजिला निमार्णाधीन घर की दीवार तीन मकानों पर गिर गई। जिसके चलते तीन मकान की छत गिर गई। इस हादसे में दो महिला और दो बच्चे घायल हो गए। कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने मलबे की ढेर से महिलाओं को सुरक्षित निकाला। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के शाहजहां कॉलोनी का मामला है।

## महाराष्ट्र में कोरोना मरीजों की संख्या 100 के पार, मुंबई में 95 मरीज दर्ज



एजेंसी

**मुंबई।** एक बार फिर कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन ने स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव बढ़ा दिया है। क्योंकि देशभर में अब तक 257 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। महाराष्ट्र में कोरोना मरीजों की संख्या 100 का आंकड़ा पार कर चुकी है। परिणामस्वरूप देश भर में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं एक बार फिर सक्रिय हो गई हैं। मुंबई में एक 4 महीने के बच्चे का कोविड-19 परीक्षण पॉजिटिव आया है। के.जे. सोमैया अस्पताल में बच्चे का इलाज चल रहा है। सेवन हिल्स अस्पताल में सोलह मरीजों का इलाज चल रहा है। स्वास्थ विभाग के अनुसार कोल्हापुर जिले में भी तीन लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं। इनमें से एक मरीज को छुट्टी दे दी गई है जबकि दो लोगों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर पुणे जिले में 40 वर्षीय महिला भी कोरोना से संक्रमित हुई है। इस बार कोविड का नया वैरिएंट जेएन 1 सामने आया है। एशियाई देशों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्पष्ट किया है कि अभी तक इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं है कि यह वायरस पुराने ओमिक्रॉन वेरिएंट से अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनता है। इसलिए, फिलहाल यह हम पर निर्भर है कि हम उचित सावधानी बरतें और स्वास्थ्य अधिकारियों के निदेशों का पालन करें।

# भारी बारिश से निचले इलाके जलमग्न, सड़कों पर लगा जाम

▶ पेड़ गिरे, बिजली रही बाधित, अगले दो-तीन दिन ऐसा ही रहेगा मौसम



एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में बुधवार की रात लगातार बारिश से शहर के कई सड़के जलमग्न हो गईं। सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में सड़कें पानी से लबालब हो गई और निचले इलाकों में पानी भर गया। बुधवार शाम को बारिश बढ़ने से सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हो गया था। शहर के लगभग सभी इलाकों में बारिश हुई। बारिश के कारण कुछ जगहों पर पेड़ गिर गए और बिजली आपूर्ति बाधित रही। शहर में बारिश के कारण दफ्तरों और कार्यस्थलों से अपनी ड्यूटी पूरी कर घर जा रहे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण दोपहर से देर रात तक ट्रैफिक जाम की स्थिति रही। इसके कारण कई लोगों ने मेट्रो का सहारा लिया। इसके चलते मेट्रो में यात्रियों की भीड़ देखी गई। रात में हुई भारी बारिश से मोंडा बाजार में घरों में पानी घुसने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बारिश के कारण सभी सड़कें जलमग्न हो गई। कई जगहों पर नालियां ओवरफ्लो हो गई। शहर में घुटनों तक पानी भर गया। यातायात जाम के बीच बिजली गुल हो गई। बंदलागुडा में 87.3 मिमी, असमंगद में 82.5, मलकपेट में 82.3, सरूरनगर में 77.8, मुसरमबाग में 75.8, एलबीनगर में 69.0, चंपापेट में 66.3, हिमायतनगर में 61.0 मिमी बारिश हुई। चादरघाट आरयू के नीचे बाढ़ का पानी बहने से वाहन फंस गए। अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि जब तक कोई आपातकालीन स्थिति न हो, वे बाहर न निकलें क्योंकि मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट कर दिया है कि तीन दिनों तक बारिश होगी।

## एसीबी इंस्पेक्टर सोनी गिरफ्तार

**जयपुर।** सवाई माधोपुर में चर्चित एएसपी सुरेंद्र शर्मा घूसकांड में अब एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने अपने ही एक और अधिकारी इंस्पेक्टर विवेक सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। विवेक पर आरोप है कि वह परिवहन विभाग के अधिकारी (डीटीओ) से हर महीने 20 से 25 हजार रुपये की बंधी वसूलता था। एसीबी ने उसे बुधवार देर रात गिरफ्तार किया। एसीबी सूत्रों के अनुसार, एसीबी इंस्पेक्टर विवेक सोनी के खिलाफ पुख्ता सबूत दलाल प्रदीप के मोबाइल फोन की जांच में मिले। इनमें लेन-देन के रिकॉर्ड और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े कई प्रमाण भी सामने आए हैं। पूछताछ के बाद एसीबी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सोनी की गिरफ्तारी के बाद उसके और उसकी पत्नी के बैंक खातों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

## कथित जासूस ज्योति मल्होत्रा की पुलिस हिरासत 26 तक बढ़ी



एजेंसी

**हिसार ।** हिसार जिले की स्थानीय अदालत ने यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की पुलिस हिरासत को चार और दिनों के लिए बढ़ा दिया। ज्योति को पाकिस्तान के लिए कथित जासूसी के आरोप में 17 मई को गिरफ्तार किया गया था। पांच दिन की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद, ज्योति को गुरुवार को हिसार कोर्ट में पेश किया गया, जहां पुलिस ने उसकी हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग की। इसपर अदालत ने ज्योति की हिरासत को 26 मई तक के लिए बढ़ा दिया। हिसार पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि ज्योति पर आधिकारिक सीक्रेट्स एक्ट, 1923 की धारा 3 और 5, साथ ही भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 (राष्ट्र की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य) के तहत मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने उसके घर से तीन मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, बैंक दस्तावेज और पासपोर्ट जब्त किए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। हिसार पुलिस ने आधिकारिक बयान देकर कई सोशल मीडिया अफवाहों का खंडन किया। पुलिस ने बताया कि ज्योति के धर्म परिवर्तन या किसी पाकिस्तानी अधिकारी से शादी करने के दावों का कोई ठोस सबूत नहीं है। एक व्हाट्सएप चैट में ज्योति द्वारा दानिश से मुझे पाकिस्तान में शादी करवा दो कहने की बात सामने आई थी।

## जापान और भारत आतंकवाद के खिलाफ एक साथ हैं : संजय झा

एजेंसी

**टोक्यो।** जेडीयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जापान पहुंचा है। यह दौरा ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार के कदमों की जानकारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा करने के उद्देश्य से किया गया है। संजय झा ने इस संबंध में जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। संजय झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में राजदूत मोहन कुमार, भाजपा सांसद डॉ हेमांग जोशी, सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी, भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, भाजपा सांसद बृज लाल और भाजपा सांसद प्रदान बरुआ शामिल हैं। यह वैश्विक अभियान सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करेगा। जापान के बाद, सभी दक्षिण कोरिया (24 मई), सिंगापुर (27 मई), इंडोनेशिया (28 मई) और मलेशिया (31 मई) जाएंगे। उनके आगमन पर, जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज ने नेताओं का स्वागत किया, जिन्होंने जापानी नेतृत्व और नागरिक समाज के साथ जुड़ाव के लिए रणनीतिक रोडमैप की रूपरेखा बताई।

## लद्दाख में कांपने लगी धरती

**लद्दाख।** बुधवार-गुरुवार रात के दरम्यान लद्दाख में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। लोग दहशत में आ गए और घरों से बाहर निकल पड़े और खुले आसमान के नीचे बैठकर पूरी रात बिताई। जब भूकंप थम गया तब घरों के भीतर गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, बुधवार को लद्दाख के लेह में रिक्टर पैमाने पर 3.5 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस के अनुसार, भूकंप के झटके रात 11:46 बजे 10 किलोमीटर की गहराई पर आए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, बुधवार तड़के मध्य प्रदेश के बैतूल में रिक्टर पैमाने पर 2.8 तीव्रता का भूकंप आया।

# बीकानेर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण



एजेंसी

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के बीकानेर में 26,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास करने के साथ-साथ इन्‍?हें राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उपस्थित जनसमूह का स्वागत किया और ऑनलाइन शामिल हुए 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों की महत्वपूर्ण भागीदारी के प्रति भी आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए देश भर से जुड़े सभी सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों और नागरिकों को अपनी शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा कि वे करणी माता का आशीर्वाद लेकर इस कार्यक्रम में आए हैं। उन्होंने कहा कि ये आशीर्वाद विकसित भारत के निर्माण के राष्ट्र के संकल्प को और मजबूत करते हैं। 26,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का उल्लेख करते हुए उन्होंने देश के विकास को आगे बढ़ाने में इनके महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने इन परिवर्तनकारी पहलों के लिए नागरिकों को बधाई दी। भारत के बुनियादी ढांचे में हो रहे बदलावों का उल्लेख करते हुए, आधुनिकीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में सड़कों, हवाई अड्डों, रेलवे और रेलवे स्टेशनों में हुई तीव्र प्रगति की चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब पिछले वर्षों की तुलना में बुनियादी ढांचे के विकास में छह गुना अधिक निवेश कर रहा है, एक ऐसी प्रगति जिसने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने देश भर में प्रतिष्ठित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की चर्चा करते हुए उत्तर में उल्लेखनीय चिनाब ब्रिज, अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग और पूर्व में असम में बोगीबील ब्रिज का उदाहरण दिया। उन्होंने पश्चिमी भारत में, मुंबई में अटल सेतु का उल्लेख किया जबकि दक्षिण में, उन्होंने भारत के अपनी तरह के पहले पंबन ब्रिज की चर्चा की। अपने रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने के भारत के निरंतर प्रयासों पर बल देते हुए श्री मोदी ने देश की नई गति और प्रगति के प्रतीक के रूप में वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रेलों के शुरूआत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अब लगभग 70 मार्गों पर वंदे भारत रेल चल रही हैं और इनसे दूरदराज के क्षेत्रों में आधुनिक रेल संपर्क स्थापित हो रहा हैं।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने अवैध यूनिपोल को हटाये



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध यूनिपोल लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। प्राधिकरण के अर्बन सर्विस विभाग ने बृहस्पतिवार को तीन अवैध यूनिपोल को हटाए हैं। इनमें से दो यूनिपोल ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इटैडा पेट्रोल पंप के पास लगे थे और एक यूनिपोल शाहबेरी में लगा था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान ने बताया कि एसीईओ प्रेरणा सिंह ने अवैध यूनिपोल लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बृहस्पतिवार को तीन अवैध यूनिपोल को हटाते हुए जब्त कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## गेस्ट हाउस से मिली करोड़ों की नगदी

**धुले।** महाराष्ट्र के धुले जिले में सरकारी गेस्ट हाउस में बुधवार देर रात एक करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी मिली। पूर्व विधायक अनिल गोटे ने राज्य विधानमंडल आकलन समिति के सदस्यों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। धुले जिले में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए 11 विधायकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक आकलन समिति यहां पहुंची। इसके लिए गुलमोहर गेस्ट हाउस में जालना विधानसभा क्षेत्र के विधायक अर्जुन खोतकर के निजी सहायक किशोर पाटिल के नाम पर पिछले 4 से 5 दिनों से एक कमरा बुक था।

## एसटीपी व एमएसपीएस के निर्माण कार्यों का लिया जायजा



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बृहस्पतिवार को ग्रेनो वेस्ट में निर्माणाधीन मास्टर सीवेज पंपिंग स्टेशन (एमएसपीएस) और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का जायजा लिया। एसीईओ ने दोनों परियोजनाओं का कार्य तेज करने और तय समय के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। ये दोनों प्रोजेक्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर एक में बनाए जा रहे हैं। करीब 71 करोड़ रुपये की लागत वाले एसटीपी का निर्माण कार्य 15 माह में पूरा होगा। इसकी क्षमता 45 एमएलडी सीवर शोधित करने की है। वहीं, लगभग 8 करोड रुपये की लागत से बनने वाले एमएसपीएस का निर्माण कार्य लगभग 6 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। इसकी क्षमता 80 एमएलडी की है। हालांकि एसीईओ ने इसे तय समयावधि से पहले ही पूरा करने के निर्देश दिए हैं। एसीईओ प्रेरणा सिंह की निरीक्षण के दौरान मौजूद वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा ने बताया कि इन दोनों परियाजानओं के बनकर चालू होने से ग्रेटर नोएडा के एक दर्जन गांव और इतने ही सेक्टरों के सीवर को आसानी से शोधित किया जा सकेगा।

**पृष्ठ एक के शेष....**

**1991 का भारत-पाक...**

उन्होंने लिखा कि कांग्रेस का हाथ पाकिस्तानी वोट बैंक के साथ, विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी आपको शोभा देती है? सवाल हमारी सरकार या आपकी (कांग्रेस) की सरकार का नहीं है, सवाल यह है कि 1947 से पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र मानते हैं।

अपने पोस्ट में भाजपा सांसद ने लिखा कि 78 सालों से कश्मीर के मुद्दे पर हमारी उनके साथ लड़ाई चल रही है। हमारे कश्मीर के हिस्से को पाकिस्तान अपने कब्जे में रखा है। उसके बावजूद आप छूट देते रहे, चाहे 1950 का नेहरू लियाकत समझौता हो, 1960 का सिंधु जल समझौता या फिर 1975 का शिमला समझौता।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि हम संसद में भी रक्षा की रणनीति पर चर्चा नहीं करते हैं। उन्होंने कांग्रेस को साल 1991 और 1994 के समझौते की याद दिलाई और निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 1991 में जब आप (कांग्रेस) चंद्रशेखर के नेतृत्व वाली सरकार को समर्थन दे रहे थे और 1994 में जब पीवी नरसिम्हा राव की सरकार थी, तब इसे लागू किया गया और आपने लिखा कि सेना, नौसेना कहां तैनात होगी और वायु सेना कैसे काम करेगी।

**लूट के मोबाइल...**

लूट में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल बरामद किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि वे लोग राहगीरों से अवैध हथियार के बल पर लूटपाट करते हैं। विरोध करने पर अपने पास रखे हुए अवैध हथियार दिखाकर उन्हें डरा देते हैं। बदमाशों ने एनसीआर में लूटपाट की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने वैदपुरा में अतिक्रमण पर चलाया बुल्डोजर

## 20000 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम वैदपुरा में अधिसूचित एरिया पर अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। कालोनाइजर इस जमीन पर अवैध रूप से विला बनाने की कोशिश कर रहे थे। कार्रवाई के बाद लगभग दो हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की टीम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बृहस्पतिवार को प्राधिकरण की टीम ने वैदपुरा गांव में कार्रवाई की। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के ग्राम वैदपुरा के खसरा संख्या 279 की लगभग 20,000 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध रूप से विला बनाने की कोशिश कर रहे थे। बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से कई बार नोटिस जारी की गई, लेकिन कालोनाजर चोरी-छिपे बनाने की कोशिश कर रहे। बृहस्पतिवार को एसडीएम जितेंद्र गौतम, महाप्रबंधक पीपी सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक और वर्क सर्किल दो के प्रभारी सन्नी यादव की अगुवाई में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की टीम ने 05 जेसीबी और 3 डंपर की मदद से तीन घंटे में कार्रवाई संपन्न की। वैदपुरा में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का ओएसडी गुंजा सिंह ने भी जायजा लिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने साफ कहा है कि वैदपुरा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में है। प्राधिकरण की अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एसीईओ ने लोगों से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाड़ी कमाई न फंसाएं। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में वर्क सर्किल 3 व 4 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम, वर्क सर्किल -7 के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह, प्रबंधक स्वतंत्र वर्मा, प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार कुशवाहा, नितीश कुमार, अभिषेक पाल, विवेक किशोर, राजीव कुमार, नरेश गुप्ता व अन्य स्टाफ भी शामिल रहे।

**खास खबर**

## यूएई ने बांग्लादेश को तीसरे टी20 में भी हराया

**शारजाह ।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने यहां खेले गये तीसरे टी20 मुकाबले में भी बांग्लादेश को हराकर 2-1 से सीरीज जीत ली है। यूएई ने तीसरे मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराया। ये यूएई की बांग्लादेश के खिलाफ पहली सीरीज है। इस सीरीज का पहला मैच बांग्लादेश ने जीता था पर बचे हुए दोनो मैच यूएई ने जीत लिए। दूसरे टी20 में बांग्लादेश ने यूएई को जीत के लिए 206 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया था पर यूएई ने उसे हासिल कर साबित कर दिया कि उसकी जीत केवल तुक्का नहीं थी। यूएई की ये किसी पूर्ण सदस्य टीम के खिलाफ पहली सीरीज जीत है। इससे पहले उसने आयरलैंड को 2021 में हराया था पर उसे पूर्ण सदस्य का दर्जा हासिल नहीं है। तीसरे टी20 में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 162 रन बोर्ड पर लगाए। इसके बाद जीत के इस लक्ष्य को मेजबानों ने 7 विकेट और 5 गेंदें शेष रहते आसानी से किया।

## कैपिटल्स के गेंदबाज मुकेश पर लगा जुर्माना

**मुम्बई।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर आचारसंहिता उल्लंघन के लिए जुमार्ना लगाया गया है। मुकेश मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में हुए मैच में आचारसंहित उल्लंघन के दोषी पाये गये हैं। इससे दिल्ली कैपिटल्स को इस मुकाबले में हार ओर प्लेऑफ से बाहर होने के बाद दूसरा झटका लगा है। ऐसे में मुकेश पर आचार संहिता उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 फीसदी जुमार्ना और एक नकारात्मक अंक की सजा मिली है। मुकेश कुमार आचारसंहित के तहत लेवल 1 के दोषी पाये गये हैं। आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया, मुकेश ने नियम 2.2 के तहत लेवल 1 का अपराध (मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों, कपड़ों, ग्राउंड इक्विपमेंट या फिटिंग का दुरुपयोग) स्वीकार कर लिया है। उन्होंने मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया, हसलिए आगे सुनवाई की जरुरत नहीं है। कैपिटल्स के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए।

## हांसी फ्लिक ने बढ़ाया बार्सिलोना के साथ करार

**बार्सिलोना।** स्पेनिश फुटबॉल क्लब एफसी बार्सिलोना ने अपने कोच हांसी फ्लिक के साथ करार को जून 2027 तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। जर्मन कोच हांसी फ्लिक ने बार्सिलोना के साथ अपने पहले ही सीजन में ला लीगा, कोपा डेल रे और स्पेनिश सुपर कप जीतकर घरेलू ट्रेबल हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन ने प्रशंसकों और क्लब प्रबंधन दोनों को प्रभावित किया है। फ्लिक ने जावी हर्नांडेज की जगह बार्सिलोना की कमान संभाली थी, जब टीम पिछले सीजन एक भी ट्रॉफी जीतने में नाकाम रही थी। शुरूआती करार 2026 तक का था, जिसे अब एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। फ्लिक की कोचिंग में बार्सिलोना ने यूईएफए चैंपियंस लीग में भी शानदार प्रदर्शन किया और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, जहां टीम को इंटर मिलान से कड़े मुकाबले में हार मिली। ला लीगा में बार्सिलोना अब तक 37 मैचों में 99 गोल कर चुका है और खिताब पहले ही अपने नाम कर चुका है।

# टोटनहैम हॉटस्पर ने 17 साल बाद जीता खिताब

- चैंपियंस लीग में भी मिली जगह
- 2008 के बाद पहला खिताब, 1984 के बाद पहली यूरोपीय जीत




एजेंसी

**बिलबाओ।** टोटनहैम हॉटस्पर ने बुधवार देर रात यूरोपा लीग 2024-25 के फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर 17 साल के खिताबी सूखे को समाप्त कर दिया। ब्रेनेन जॉनसन के पहले हाफ में किए गए गोल की बदौलत टोटनहैम ने यह मुकाबला जीता और साथ ही अगले सीजन की चैंपियंस लीग में भी अपनी जगह पक्की कर ली।

यह टोटनहैम का 2008 लीग कप के बाद पहला खिताब है और 1984 के बाद पहली यूरोपीय ट्रॉफी। खास बात यह रही कि इस सीजन में टोटनहैम ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को चार बार हराया है और यह इतिहास में पहली बार हुआ जब उसने एक ही सीजन में यूनाइटेड के खिलाफ चारों मुकाबले जीते हों। 42वें मिनट में टोटनहैम को वह मौका मिला जिसने मुकाबले की दिशा तय कर दी। पेपे सार के क्रॉस पर यूनाइटेड का डिफेंस बिखर गया, वहीं गोलकीपर आंद्रे ओनाना गोललाइन पर जमे रह गए। जॉनसन और ल्यूक शॉ दोनों गेंद तक पहुंचे और गेंद दोनों से लगकर नेट में चली गई। दूसरे हाफ में मैनचेस्टर यूनाइटेड के पास बराबरी का शानदार मौका था, जब रस्मुस होयलुंड का हेडर गोल की ओर जा रहा था, लेकिन मिकी वैन डी वेन ने लाइन पर शानदार क्लियरेंस कर दी। अंतिम क्षणों में भी ल्यूक शॉ का हेडर गोलकीपर विकारियो ने डाइव लगाकर बचा लिया। मैच के बाद ब्रेनेन जॉनसन ने कहा, ₹इस सीजन में कुछ खास नहीं रहा, लेकिन आज कोई फर्क नहीं पड़ता। क्लब ने 17 साल से कोई ट्रॉफी नहीं जीती थी। यह जीत बहुत मायने रखती है। फैन्स हमें और टीम को ताने देते हैं, लेकिन हमें यह पहला कदम लेना था। बहुत खुश हूं। इस जीत के साथ ही टोटनहैम के कोच एंज पोस्टेकोग्लू के लिए यह एक बड़ी राहत लेकर आई है। खराब प्रीमियर लीग सीजन के बावजूद यह जीत उनके भविष्य को सुरक्षित करने में मदद कर सकती है। लीग में 21 हार झेल चुकी टीम के लिए यह खिताब उम्मीद की नई किरण साबित हुआ है।दूसरी ओर, मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए यह हार इस सीजन की गहरी निराशा का हिस्सा बन गई है। प्रीमियर लीग में भी टीम 16वें स्थान पर है और अब अगले सीजन में यूरोपीय फुटबॉल से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। कोच रूबेन अमोरिम के सामने टीम को फिर से खड़ा करने की बड़ी चुनौती होगी। बिलबाओ की गर्म रात में जब टोटनहैम के खिलाड़ी और फैंस जश्न मना रहे थे, तो यह सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं थी, बल्कि 41 साल की यूरोपीय प्रतीक्षा का अंत था। क्लब और उसके समर्थकों के लिए यह जीत एक नई शुरूआत की तरह है।

## दिल्ली के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वालो में बुमराह पहले नंबर पर



एजेंसी

**मुम्बई ।** मुम्बई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खासे सफल रहे हैं। बुमराह ने अब तक दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक 30 विकेट लिए हैं। इस प्रकार बुमराह कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में पहले नंबर पर हैं। बुमराह के अलावा वेस्टंडीज के सुनील नरेन और और आर अश्विन भी कैपटल्स के खिलाफ खासे सफल रहे हैं। इन गेंदबाजों ने अपनी विविधता और रणनीति से दिल्ली के बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ायी हैं। मुंबई इंडियंस के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 23 मैचों में दिल्ली के खिलाफ 30 विकेट लिए हैं। बुमराह की यॉर्कर, घातक बाउंसर और डेथ ओवरों में घातक गेंदबाजी का सामना करना दिल्ली के बल्लेबाजों के लिए परेशानी भरा रहा है। इस सत्र में भी बुमराह ने दिल्ली के खिलाफ 21 मई को वानखेड़े में खेले गए मैच में 2 विकेट लिए, जिससे उनकी संख्या 28 तक पहुंची। उनकी औसत 20.50 और इकॉनमी रेट 7.2 रही है, जो उनकी प्रभावशीलता को दर्शाता है। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर सुनील नरेन ने 24 मैचों में दिल्ली के खिलाफ 27 विकेट लिए हैं। नरेन की कसी हुई गेंदबाजी और ऑफ-स्पिन की विविधता ने दिल्ली के बल्लेबाजों को बार-बार परेशान किया है।

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम घोषित

- आयुष म्हात्रे कप्तान, वैभव सूर्यवंशी को मिला मौका
- जूनियर खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर क्रिकेट समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए अंडर-19 टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 24 जून से 23 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें भारत की युवा टीम एक महीने तक इंग्लैंड की धरती पर अपना दमखम दिखाएगी। दौरे में एक 50 ओवर का वॉर्म-अप मैच, पांच युवा वनडे और दो मल्टी-डे मुकाबले खेले जाएंगे। टीम की कमान आयुष म्हात्रे को सौंपी गई है, जबकि अभिज्ञान कुंडू को उपकप्तान और विकेटकीपर की जिम्मेदारी दी गई है। वैभव सूर्यवंशी को मुख्य टीम में शामिल किया गया है, जो हाल के घरेलू प्रदर्शन के आधार पर चयनकताओं की नजर में आए। यह इंग्लैंड दौरा युवा भारतीय खिलाड़ियों के लिए खुद को अंतरराष्ट्रीय मंच पर साबित करने का सुनहरा मौका होगा। खासकर कप्तान आयुष म्हात्रे और उपकप्तान अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी। आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उपकप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अम्ब्रीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल, युद्धाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अंमोलजीत सिंह। नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी और आलंक्रित रापोले (विकेटकीपर) को स्टैंडबाय खिलाड़ियों के रूप में रखा गया है।

## अल नासर ने अल खलीज को 2-0 से हराया




एजेंसी

**नई दिल्ली।** सऊदी प्रो लीग 2024-25 में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में अल नासर ने अल खलीज को 2-0 से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इस जीत के साथ टीम 33 मैचों में 67 अंकों के साथ अंकतालिका में चौथे स्थान पर बनी हुई है। अल नासर के लिए यह गोल क्रिस्टियानो रोनाल्डो और जॉन ड्यूरान ने किए। पहले हाफ में अल नासर ने आक्रामक शुरूआत की, लेकिन अंतिम क्षणों में फिनिशिंग की कमी के चलते स्कोर खाता नहीं खुल सका। रोनाल्डो को दो बार गोल करने का मौका मिला, लेकिन वह गेंद को जाल में नहीं पहुंचा सके। कोच स्टेफानो पियोली की टीम आक्रमण में थोड़ी धीमी नजर आई। दूसरे हाफ में अल नासर ने पूरी आक्रामकता के साथ शुरूआत की। 47वें मिनट में रोनाल्डो को कटबैक पर गोल करने का सुनहरा मौका मिला, लेकिन उनका शॉट बार के ऊपर चला गया। इसके बाद 63वें मिनट में अल नासर को पेनल्टी मिली, लेकिन रोनाल्डो ने वह मौका भी चूक दिया। लगातार मौके गंवाने के बाद आखिरकार 75वें मिनट में जॉन ड्यूरान ने सादियो माने के क्रॉस पर बेहतरीन हेडर के जरिए गोल कर अल नासर को 1-0 की बढ़त दिला दी। मैच के अंतिम क्षणों में ऐसा लग रहा था कि रोनाल्डो बिना गोल किए ही मैच समाप्त करेंगे, लेकिन स्टॉपिज टाइम में उन्हें एक और पेनल्टी मिली जब खलीज के गोलकीपर ओजैबी राएद ने उन्हें बॉक्स में गिरा दिया।

## शुरूआती चार मुकाबले जीतकर भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी कैपिटल्स



एजेंसी

**मुम्बई ।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम एक बार फिर आईपीएल प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी है। वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 रन की हार के साथ ही 18 वें सत्र से बाहर हो गयी। इसी के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स पहली ऐसी टीम बन गई है जो शुरूआत के 4 मुकाबले जीतने के बाद भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई है।

कैपिटल्स ने इस सत्र की धमाकेदार शुरूआत की थी और अपने सभी मुकाबले जीते थे पर इसके बाद उसका अभियान पटरी से उतर गया। वहीं मुंबई इंडियंस शुरूआती झटकों के बाद वापसी करने में सफल रही। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दिल्ली को यह मैच हर हाल में जीतना था। इस मैच में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के नाबाद 73 और नमन धीर के सिर्फ 8 गेंदों में 24 रन की नाबाद पारी की सहायता से 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पिटल्स की बल्लेबाजी बिखर गयी और पूरी टीम 19वें ओवर में 121 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच में जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस 16 अंक लेकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी। गुजरात टाइटंस, आरसीबी और पंजाब किंग्स पहले ही प्लेऑफ में पहुंच गये थे।

## धवन ने 69 करोड़ रुपये में खरीदा लक्जरी अपार्टमेंट

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेट शिखर धवन ने गुरुग्राम में एक नया लक्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार धवन ने गुरुग्राम में 69 करोड़ रुपये का एक अपार्टमेंट खरीदा है। धवन ने ये अपार्टमेंट गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर प्रोजेक्ट द डाहलियास में लिया है। ये अपार्टमेंट 6,040 स्क्वायर फुट का है। इस संपत्ति की कीमत 65.61 करोड़ रुपये है और इस पर 3.28 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी लगी है, जिससे कुल कीमत करीब 69 करोड़ रुपये हो गई है। पिछले साल अगस्त में द डाहलियास नाम का एक हाउसिंग प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। इसमें 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस शामिल हैं। यह डीएफए कंपनी का दूसरा अल्ट्रा-लग्जरी प्रोजेक्ट है। इससे पहले इसी जगह पर द कैमेलियास प्रोजेक्ट काफी सफल रहा था।

## 31 सदस्यीय भारतीय कराटे दल उज्बेकिस्तान में देश का करेंगे प्रतिनिधित्व



एजेंसी

**नई दिल्ली।** 23-25 मई तक ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित 21वीं ए.के.एफ. एशियाई सीनियर कराटे चैम्पियनशिप और 4वीं ए.के.एफ. एशियाई पैरा-कराटे चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए 31 सदस्यीय भारतीय कराटे टीम उज्बेकिस्तान पहुंच चुकी है। भारतीय टीम सम्माननीय राज्य मंत्री (युवाओं और खेल मंत्रालय, भारत सरकार) रक्षता निखिलखड़से का दिल से धन्यवाद करते हैं, जिनके निरंतर समर्थन और आशीर्वाद से हमारी टीम को प्रेरणा मिली है। भारतीय राष्ट्रीय सीनियर कराटे टीम, जो प्रतिष्ठित वर्ल्ड कराटे फेडरेशन, एशियाई कराटे फेडरेशन, कॉमनवेल्थ कराटे फेडरेशन , और साउथ एशियन कराटे फेडरेशन से सम्बद्ध कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन का प्रतिनिधित्व करती है, ताशकंद, उज्बेकिस्तान पहुंच चुकी है। टीम का उद्देश्य 23 से 25 मई 2025 तक युनूसोबोद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली 21वीं ए.के.एफ. एशियाई सीनियर कराटे चैम्पियनशिप और 4वीं ए.के.एफ. एशियाई पैरा-कराटे चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है। यह प्रतिष्ठित आयोजन एशिया के सर्वश्रेष्ठ कराटे एथलीटों की क्षमता, समर्पण और भावना का प्रतीक है। कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष भारत शर्मा, महासचिव संजीव कुमार जांगड़ा और कोषाध्यक्ष मुतुम सिंह बंकीम के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कराटे टीम ने 31 मार्च से 1 अप्रैल, 2025 तक हैदराबाद (तेलंगाना) के गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में आयोजित 4वीं केआईओ राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी जगह बनाई थी। कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन ने 21वीं ए.के.एफ. एशियाई सीनियर कराटे चैम्पियनशिप और 4वीं ए.के.एफ. एशियाई पैरा-कराटे चैम्पियनशिप 2025 में भारतीय राष्ट्रीय कराटे टीम की प्रशिक्षण और भागीदारी के लिए 25 लाख रुपये का योगदान दिया है। इस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए भारतीय टीम पहले ही ताशकंद, उज्बेकिस्तान में उज्बेकिस्तान राष्ट्रीय कराटे टीम के साथ 20 दिनों का गहन प्रशिक्षण शिविर में शामिल हो चुकी हैं। यह जानकारी कराटे इंडिया ऑगिर्नाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन शिहान सुनील किस्पोट्टा ने दी।

# आइपीएल में अपने प्रदर्शन से उत्साहित हैं विपराज



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आईपीएल के इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर विपराज निगम ने अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया है। विपराज ने निचले क्रम पर अच्छे फिनिशर की तरह खेलते हुए ही गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया। विपराज इससे बेहद उत्साहित हैं। इस युवा क्रिकेटर का कहना है कि आईपीएल से उसका जीवन बदल गया है। अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से उसे कई अहम बातें पता चली हैं जो भविष्य में उसके काम आयेंगी। इस क्रिकेटर को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रूपए में खरीदा था पर उससे इससे कहीं बढ़कर योगदान दिया। इस युवा ने कहा, ह्यजीवन में कई बदलाव आए हैं। आईपीएल से चीजें बदल जाती है। आपको बड़े सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलता है। जिससे काफी कुछ सीखने को मौका मिलता है। उन्होंने कहा, ह्यमेरे लिए ये नए अनुभव हैं और मैं अपने खेल में इस सीख पर अमल करने के प्रयास करुंगा। इस क्रिकेट ने कहा कि कि कोचिंग स्टाफ से भी उसे काफी सहयोग मिला।। साथ ही कहा कि जब मुझे दिल्ली टीम ने शामिल किया तो मैने अपने कोचों और प्रबंधन से बात की। उन्होंने मुझे हमेशा कहा कि वे मुझे ऑलराउंर के तौर पर देखते हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट और लीग में मेरी बल्लेबाजी देखी और संदेश साफ था कि दो से चार ओवर फेंकने के अलावा मुझे बल्लेबाजी पर भी ध्यान देना है। इस क्रिकेटर ने कहा, ह्यअपने प्रदेश के लिए खेलने के बाद जब मैं राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी गया तो सभी कोचों ने मेरी काफी सहायता की। वहां मुझे बल्लेबाजी और गेंदबाजी ठीक करने काफी टिप्स मिलीं थीं।

## अंतर्राष्ट्रीय हॉकी संबंधों को मजबूत करने को लेकर बैठक



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए, महासचिव भोला नाथ सिंह के नेतृत्व में हॉकी इंडिया के प्रतिनिधिमंडल का कोषाध्यक्ष शेखर जे. मनोहरन और महानिदेशक कमांडर आर.के. श्रीवास्तव के साथ नेपाल हॉकी संघ के अध्यक्ष अनिल पी. शर्मा ने काठमांडू हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने नेपाल में हॉकी के विकास और प्रचार पर चर्चा करने के लिए माननीय सूचना और संचार मंत्री,पृथ्वी सुब्बा गुरुंग, नेपाल हॉकी के अधिकारियों के साथ अध्यक्ष अनिल पी. शर्मा, महासचिव सुश्री सुवर्णा श्रेष्ठ, सचिव आशिम शर्मा और मुख्य कोच रंजन थापा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। सद्भावना के संकेत के रूप में, भोला नाथ सिंह ने माननीय मंत्री और नेपाल हॉकी संघ के अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट किए.नेपाल में जमीनी स्तर पर हॉकी का समर्थन करने के लिए, हॉकी इंडिया ने नेपाल हॉकी संघ को हॉकी स्टिक, गेंद और आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी दिए। प्रतिनिधिमंडल ने नेपाल राष्ट्रीय खेल परिषद के उपाध्यक्षध्रुबा आचार्य और सदस्य सचिव श्री टंका लाल घीसिंग से मुलाकात की और हॉकी इंडिया की सीमाओं से परे खेल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# यूरोप दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित, हरमनप्रीत बने कप्तान

- हार्दिक सिंह उपकप्तान की भूमिका में कायम, जून में नीदरलैंड्स और बेल्जियम में होंगे मुकाबले



एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह चरण 7 से 22 जून 2025 तक नीदरलैंड्स के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेला जाएगा। टीम की कमान एक बार फिर अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को सौंपी गई है जबकि मिडफील्ड के दमदार खिलाड़ी हार्दिक सिंह उपकप्तान बने रहेंगे। भारतीय टीम अपने यूरोपीय सफर की शुरूआत 7 और 9 जून को नीदरलैंड्स के खिलाफ दो मैचों से करेगी, इसके बाद 11 और 12 जून को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। ये सभी मुकाबले एम्सटेलवीन के वागनर स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एंटवर्प में खेलेगी और अंत में 21 और 22 जून को बेल्जियम से मुकाबला होगा। टीम में दो गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सुरज करकेरा को चुना गया है। डिफेंस में हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, जर्मनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और यशदीप सिवाच शामिल हैं। मिडफील्ड की जिम्मेदारी राज कुमार पाल, नीलकांता शर्मा, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर सिंह जैसे खिलाड़ियों को दी गई है। वहीं, फॉरवर्ड लाइन में गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह जैसे आक्रामक खिलाड़ी टीम में शामिल हैं। भारत ने इस साल की शुरूआत में भुवनेश्वर में खेले गए होम लेग में आठ मैचों में से पांच जीतकर 15 अंक जुटाए और वर्तमान में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस लीग की टॉप टीम को 2026 एफआईएच वर्ल्ड कप में सीधी एंट्री मिलेगी, ऐसे में भारतीय टीम यूरोपीय लेग में अधिक से अधिक अंक बटोरना चाहेगी। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम चयन पर कहा, ह्लहम इस बार टीम में थोड़ा और अनुभव चाहते थे और मुझे लगता है कि चयन एकदम सही है। टीम ने अच्छी ट्रेनिंग की है और हम इस बार प्रो लीग जीतने के लक्ष्य से जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा, ह्लअब तक हमने कोई मुकाबला ड्रॉ नहीं किया है, लेकिन आगे हमें कोशिश करनी होगी कि अगर जीत नहीं भी मिली तो कम से कम मुकाबले ड्रॉ करके शूटआउट में जाएं ताकि कुछ अंक मिल सकें। हमें पेनाल्टी कॉर्नर कन्वर्जन रेट में भी सुधार करना होगा।



क्वालालंपुर में मलेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन के महिला एकल में खेलती हुई तकाशी असूका।

# मन को शांत करता है भ्रामरी प्राणायाम



**मन** को शांत कर तनाव और अवसाद दूर करने में बहुत फायदेमंद आसन है भ्रामरी प्राणायाम। भ्रामरी प्राणायाम करते समय भ्रमर अर्थात भंवरे जैसी गुंजन होती है, इसी कारण इसे भ्रामरी प्राणायाम कहते हैं। भ्रामरी प्राणायाम से जहां मन शांत होता है वहीं इसके नियमित अभ्यास से और भी बहुत से लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।


## कैसे करें यह आसन

भ्रामरी प्राणायाम करने के लिए सुखासन, सिद्धासन या पद्मासन में बैठकर सबसे पहले दोनों हाथों की अंगुलियों में से अनामिका अंगुली से नाक के दोनों छिद्रों को हल्का सा दबाकर रखें। फिर तर्जनी को पाल पर, मध्यमा को आंखों पर, सबसे छोटी अंगुली को होठ पर और अंगुठे से दोनों कानों के छिद्रों का बंद कर दीजिए। फिर सांस को धीमी गति से गहरा खींचकर अंदर कुछ देर रोककर रखें और फिर उसे धीरे-धीरे आवाज करते हुए नाक के दोनों छिद्रों से निकालें। सांस छोड़ते वक्त अनामिका अंगुली से नाक के छिद्रों को हल्का सा दबाएं जिससे कंपन उत्पन्न होगा। जोर से पूरक करते समय भंवरी जैसी आवाज और फिर रेचक करते समय भी भंवरी जैसी आवाज उत्पन्न होनी चाहिए। पूरक का अर्थ सांस अंदर लेना और रेचक का अर्थ सांस बाहर छोड़ना।

## इस आसन के फायदे

भ्रामरी प्राणायाम करने से मन शांत होता है और तनाव दूर होता है। इस ध्वनि के कारण मन इस ध्वनि के साथ बंध सा जाता है, जिससे मन की चंचलता समाप्त होकर एकाग्रता बढ़ने लगती है। यह मस्तिष्क के अन्य रोगों में भी लाभदायक है।

इसके अलावा यदि किसी योग शिक्षक से इसकी प्रक्रिया ठीक से सीखकर करते हैं तो इससे हृदय और फेफड़े मजबूत बनते हैं। उच्च-रक्तचाप सामान्य होता है। हकलाहट तथा तुतलाहट भी इसके नियमित अभ्यास से दूर होती है। इससे पर्किन्सन, लकवा, इत्यादि स्नायुओं से संबंधी सभी रोगों में भी लाभ पाया जा सकता है।



### बरतें थोड़ी सावधानी

भ्रामरी प्राणायाम को लेटकर नहीं किया जाता है। नाक या कानों में किसी प्रकार का संक्रमण होने कि स्थिति में यह अभ्यास ना करें। नहीं तो संक्रमण बढ़ सकता है। भ्रामरी प्राणायाम को शांत माहौल में ही करें, ताकि आप निकलने वाली आवाज हो आसानी से महसूस कर सकें।

### फेसबुक फ्रेंड वजन घटाने में मददगार

ये युग टेक प्रेमियों का है और इसमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स का महत्वपूर्ण स्थान है। फेसबुक इन साइट्स में सबसे अव्वल है। इन सोशल साइट्स का हमारे जीवन में खासा दखल है और ये हमें कई प्रकार से प्रभावित भी करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि फेसबुक फ्रेंड से भावनात्मक जुड़ाव आपका अतिरिक्त वजन कम करने में काफी मददगार साबित हो सकता है।



### सर्दी जुकाम में लाभप्रद है तुलसी

सर्दी जुकाम होने पर तुलसी की पत्तियों को चाय में उबालकर पीने से राहत मिलती है। तुलसी का अर्क तेज बुखार को कम करने में भी कारगर साबित होता है। करीब सभी कफ सीरप को बनाने में तुलसी का इस्तेमाल किया जाता है। तुलसी की पत्तियां कफ साफ करने में मदद करती हैं। तुलसी के कोमल पत्तों को चबाने से खांसी और नजले से राहत मिलती है।



# काम के साथ आंखों का रखें ख्याल



**वर्तमान** दिनचर्या में कंप्यूटर के बिना काम करना शायद असंभव है, लोग घंटों कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करते हैं। घंटों कंप्यूटर के सामने बैठने के कारण इससे निकलने वाली नीली रोशनी से सबसे अधिक नुकसान आंखों को होता है। इसके कारण आंखों की रोशनी कम होती है। इसके अलावा लगातार कम्प्यूटर पर काम करने से आंखों में थकान, धुंधला दिखाई देना, सिर में दर्द और आंखों के आसपास काले घेरे की समस्या आम बात है। ड्राई आई सिंड्रोम भी घंटों कंप्यूटर के प्रयोग के कारण होती है। इसलिए काम के साथ-साथ आंखों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

## अंधेरे में काम न करें

कंप्यूटर पर काम कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि जिस कमरे में आप हों वहां पर अंधेरा या कम रोशनी न हो। आपके कमरे की रोशनी कंप्यूटर स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी से कम न हो। अगर कमरे में अंधेरा होगा या कमरे की रोशनी कम होगी तो कंप्यूटर से निकलने वाली किरणें आंखों को अधिक प्रभावित करेंगी। कंप्यूटर से आंखों की दूरी काम करते वक्त अपनी कुर्सी की ऊंचाई को कम्प्यूटर के हिसाब से ही रखें। कंप्यूटर को अपनी आंखों से 30 सेमी की दूरी पर रखें।



## पलकों को झपकाते रहें

काम के दौरान पलकों को झपकाते रहें, इससे आंखों की नमी बरकरार रहेगी और आंखों सूखेंगी नहीं। लंबे समय तक पलक नहीं झपकाने से आंखों से पानी बहने लगता है।

## काम के बीच ब्रेक लें

अगर आप लगातार कंप्यूटर पर काम कर रहे हैं तो बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें। कोशिश करें कि 30-40 मिनट के बाद अपनी नजर को दूर किसी वस्तु पर ले जाएं, अपने से लगभग 20 फिट की दूरी पर दूसरी वस्तु को देखें। एक घंटे तक काम करने के बाद 10 मिनट के लिए कंप्यूटर की स्क्रीन बंद कर दें।



## हेल्दी स्नैक लेते रहें



आंखों को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ आहार का सेवन बहुत जरूरी है। खाने में विटामिन ए, ई और सी को जरूर शामिल करें। ये आंखों के लिए आवश्यक हैं। दूध और दूध से बने पदार्थ, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंडा, पपीता, गाजर विटामिन ए के अच्छे स्रोत हैं, इनको अपने आहार में शामिल करें। काम के बीच में भी स्वस्थ और विटामिन युक्त हेल्दी स्नैक लेते रहें।

## आंखों के व्यायाम

काम के बीच में आंखों में थकान हो जाती है, इससे बचाने के लिए काम के दौरान ही आंखों के व्यायाम कीजिए। अपनी हथेली और उंगली से आंखों को बंद करके उनपर मालिश करें। बीच-बीच में आंखों की पुतलियों को चारों ओर घुमाएं। इससे आंखों को आराम मिलता है। बीच-बीच में पानी के छींटे भी मार सकते हैं। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए भरपूर नींद जरूरी है, कम से कम आठ घंटे की नींद लें, आंखों में अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पादों का ही प्रयोग करें। अपनी आंखों की नियमित रूप से जांच कराएं।



# भोजन के समय पानी पीने के नुकसान



**यूं तो** पानी पीना एक अच्छी आदत है। किसी भी रोग को दूर भगाने के लिए पानी एक रामबाण इलाज है। लेकिन क्या आपको पता है खाना खाते समय पानी पीना कितना हानिकारक है आपके स्वास्थ के लिए? इसका सीधा असर आपकी पाचन शक्ति पर होता है। कभी भी खाना खाने के आधे घंटे या 1 घंटे तक पानी नहीं पीना चाहिए।

## क्यों न पीएं भोजन के दौरान पानी

भोजन के समय पानी पीने से यह पेट की सतह द्वारा सोख लिया जाता है। यह प्रक्रिया तब तक चलती रहती है जब तक कि पेट में पाचन के लिए जरूरी द्रव्य इतने अधिक गाढ़े न हो जाएं कि वे भोजन को पचा सकें। लेकिन खूब सारे पानी पीने के कारण यह द्रव्य पेट में मौजूद भोजन से भी अधिक गाढ़ा हो चुका होता है, ऐसे में भोजन पचाने के लिए पेट में गैस्ट्रिक जूस बनना शुरू हो जाता है। परिणाम स्वरूप भोजन नहीं पचता और सीने में जलन होती है।



## महत्वपूर्ण बातें

- यदि भोजन सादा हो तो भोजन के समय पानी न पीना लाभकारी होता है। लेकिन जब भोजन अधिक तीखा, मिर्च-मसालेदार, नमकीन, खट्टा हो तो पानी पीना आवश्यक है, ऐसे में पानी पीने से आपके शरीर को कोई नुकसान नहीं होगा।
- इसके विपरीत यदि भोजन प्राकृतिक हो और भोजन को अच्छी तरह से चबा-चबाकर खाते हैं तो भोजन के बीच पानी पीने की कोई आवश्यकता नहीं होती।
- तीखा या चटपटा भोजन करते समय ध्यान रखें कि प्यास लगने पर एक या दो घूंट पानी ही पीएं। ज्यादा पानी से पाचन सही से नहीं हो पाता है।
- भोजन करते समय अगर आपको खांसी आती हो और भोजन के बीचमें पानी पीने की जगह दूध, मट्ठा व दही का सेवन करें। इससे आपका भोजन सही से पच सकेगा।
- सर्दियों के मौसम में ठंडा पानी पीने से बचें क्योंकि इस मौसम में आपकी पाचन शक्ति काफी कमजोर होती है।
- भोजन के बीच में पानी पीने से शरीर में इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है।
- भोजन के बाद एक कप गर्म पानी पीने से आपकी पाचन शक्ति ठीक रहती है और खाने को पचने में मदद मिलती है।
- अगर आप खाने के साथ अन्य कोई पेय पदार्थ जैस कोल्ड ड्रिंक य दूध लेते हैं तो यह आपके पाचन शक्ति के लिए ठीक नहीं हैं। क्योंकि खाना खाने के साथ यह पेय पदार्थ भी कुछ हद तक वैसा ही काम करते है जैसा कि पानी।

कुल मिलाकर पानी पीना सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है, लेकिन दिन में पानी तो आप खूब पिएं लेकिन भोजन के साथ ज्यादा पानी न पिएं। आप सुबह उठकर खूप पानी पी सकते हैं, या दिन में थोड़ा-थोड़ा कर 3 से 4 लीटर पानी पी सकते हैं।

# डिलीवरी के बाद महिलाओं में होते हैं ये बदलाव

**जैसे कि** गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में शारीरिक और मानसिक परिवर्तन होते हैं ठीक उसी प्रकार प्रसव के बाद भी महिला के शरीर में कई बड़े बदलाव आते हैं, विशेषकर पहले हफ्ते में। प्रसव के बाद महिलाओं के शरीर में बदलाव होना स्वाभाविक है। कुछ महिलाएं गर्भधारण के शुरूआत से ही अपना पूरा ख्याल रखती हैं, ऐसी महिलाओं के शरीर में प्रसव के बाद काफी कम बदलाव होते हैं। कई बार ऐसा लगता है कि यह महिला गर्भवती हुई ही नहीं थी। जबकि कई महिलाओं के शरीर में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलते हैं। फिर भी आमतौर पर प्रसव के बाद महिलाओं के शरीर में छोटे-छोटे बदलाव तो जरूर होते हैं।

## त्वचा में बदलाव

बच्चे के जन्म के बाद जिन महिलाओं की त्वचा रूखी होती है, उनकी त्वचा पहले से और भी अधिक रूखी हो जाती है। गर्भावस्था में स्तन, पेट और जांघों की त्वचा खिंच जाती है। इस खिंचाव के कारण महिलाओं के शरीर की त्वचा पर हल्के रंग के दाग दिखाई पड़ने लगते हैं।

## वजन बढ़ना

गर्भावस्था की अवधि के दौरान लगभग सभी महिलाओं का वजन बढ़ जाता है। प्रसव के बाद भी महिलाओं का वजन अधिक ही बना रहता है। अधिक चिकनाईयुक्त भोजन करने, मेवे आदि के सेवन के कारण महिलाओं का भार बढ़ता चला जाता है। जिन महिलाओं का वजन अधिक होता है। उनके शरीर पर पके हुए लाल रंग के घाव दिखाई पड़ने लगते हैं। शरीर के वजन को कम करने के लिए किसी विशेषज्ञ की देखरेख में व्यायाम करना चाहिए।

## बालों का झड़ना

बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं के सर के बालों का टूटना, पतला होना, बालों का सफेद होना, बालों का न बढ़ना जैसी परेशानियां आम बात है। आमतौर पर यह खुद ही ठीक हो जाते हैं। इस समस्या से बचने के लिए पौष्टिक आहार लें और बालों की उचित देखभाल करें।

## दांतों में परेशानी

प्रसव के बाद महिलाओं के दांतों की चमक कम हो जाती है। दांतों में दरारे, दांतों में छेद, मसूड़ों का सूजना एवं मवाद का आना आदि समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती है।

## पैरों में बदलाव

महिलाओं में प्रसव के बाद शरीर के लिंगामेंट मांसपेशियों तथा दो हड्डियों के बीच बांधने वाली नलिकाएं ढीली हो जाती है, जिससे पैरों के आकार में परिवर्तन हो जाता है। प्रसव के बाद हड्डियों का आकार बदल जाता है। इस कारण महिलाओं के चाल में भी परिवर्तन आ जाता है। इसकी वजह से कमर तथा कूल्हों में दर्द है।

## मानसिक बदलाव

कई बार प्रसव के बाद महिलाओं को रोने का मन करता है। या कई अलग-अलग तरह के विचार दिमाग में आते हैं। यह शरीर में हुए हार्मोनल बदलाव के कारण हो सकता है।

# चुस्त रहने के लिए जरूरी है शरीर में पर्याप्त हो आयरन



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अन्य विटमिन की ही तरह आयरन से भरपूर आहार लेना भी बहुत जरूरी होता है। आयरन की जरूरत हीमोग्लोबिन बनाने के लिए होती है। यह लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाता है जो अंगों व ऊत्तकों में ऑक्सीजन वहन करने का काम करता है। पर जब भी आयरन की बात आती है तो बेस्ट सोर्स के तौर पर पालक का नाम ही दिमाग में आ जाता है। लेकिन जानना होगा कि सिर्फ पालक ही आयरन का बेस्ट सोसज़ नहीं है। तो आइए आज हम आपको बताते हैं कि कैसे पोषक तत्वों और सप्लीमेंट्स के जरिए हम खून में आयरन की मात्रा बढ़ा सकते हैं।

## गुड़ खाकर दूर करें आयरन की कमी

अगर आयरन की पयाज़्त मात्रा न हो, तो इसका असर हमारे शरीर के कई अंगों पर पड़ता है। गुड़ एक ऐसा आहार है जिसमें आयरन बहुत अधिक पाया जाता है। गुड़ गन्ने से तैयार एक शुद्ध, अपरिष्कृत चीनी है। यह खनिज और विटमिन है जो मूल रूप से गन्ने के रस में ही मौजूद हैं। गुड़ को चीनी का शुद्धतम रूप माना जाता है। गुड़ आयरन का एक प्रमुख स्त्रोत है और अनीमिया के शिकार व्यक्ति को चीनी के स्थान पर इसके सेवन की सलाह दी जाती है।

## आयरन अवशोषण ऐसे बढ़ाएं

शाकाहारी खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन आपके शरीर के ज्यादा से ज्यादा काम कैसे आए यह जानना भी जरूरी है। इसमें विटमिन सी आपकी मदद कर सकता है। ताजा सब्जियां और खट्टे फल विटमिन सी के सबसे अच्छे ोत हैं। इसके साथ ही आप चाहें तो मसूर के सूप में लाल शिमला मिर्च व अन्य सब्जियां डालकर पिएं।

## इतने आयरन की जरूरत

सामान्य महिला को एक दिन में 18 मिलीग्राम आयरन की आवश्यकता होती है, गर्भावस्था के दौरान महिला को 27 मिलीग्राम आयरन लेना चाहिए। वहीं, पुरुषों को रोजाना 8 मिलीग्राम आयरन की जरूरत होती है। 14 से 18 साल की आयु की लड़कियों को 15 मिलीग्राम आयरन की रोजाना आवश्यकता होती है।

यह सोचना गलत है कि पालक में ही सबसे ज्यादा आयरन होता है। रेड मीट में ज्यादा मात्रा में आयरन होता है जो फायदेमंद है। पर इसे ज्यादा मात्रा में नहीं खाना चाहिए।

**- डॉ सरनजीत सिंह,** स्पोर्ट्स मेडिसिन स्पेशियलिस्ट

### आयरन की कमी के लक्षण

■ जीभ में दर्द ■ बालों का झड़ना ■ सिर में दर्द ■ चक्कर आना ■ थकान लगना ■ भूख न लगना ■ नाखूनों में सफेदी आ जाना ■ कमजोरी

### इन फूड्स से मिलेगा आयरन

- **वेज:** फलियां, नट्स, बादाम, पालक और हरी पत्तेदार सब्जियां।
- **नॉनवेज:** रेड मीट और मछली
- **फल:** खजूर, तरबूज, सेब, अंगूर, अनार

## रेसिपी

### करेले का चटपटा अचार



**सामग्री**

1 किलो करेला
2 चम्मच नमक
1 चम्मच हल्दी
1 चम्मच सौंठ
1/4 कप मिर्च पावडर
1/4 कप भुनी और कुटी अजवायन
2 चम्मच सौंफ, भुना और पावडर किया हुआ
2 कप नींबू का रस एक कांच का जार

**विधि**

करेले के ऊपर का कठोर हिस्सा चाकू से घिस लें, फिर उसे लंबा लंबा काट लें। करेले को नमक में मिलाएं और 3-4 घंटे के लिए रख दें। फिर करेले को हाथों से दबा कर निचोड़ लें और उसक बीज को निकाल कर साफ पानी से धो लें। उसके बाद फिर से करेले को निचोड़ें। अब मसाले में नींबू का जूस मिक्स करें, जिससे उसमें नमी आ जाए। फिर इस मसाले को करेले के अंदर भर कर उसे धागे से कटस कर लपेट दें, जिससे वह बंध जाए। अब इन करेलों को जार में भर दें और ऊपर से नींबू का रस मिला कर कवर कर दें। इसे 3-4 दिन धूप दिखा कर तीन चार हफ्तों बाद खाएं। एक बार जब करेले का अचार तैयार हो जाए तब इसे छोटे छोटे पीस में काट कर सर्व किया जा सकता है।

### रागी डार्क चॉकलेट



**सामग्री**

100 ग्राम कंपाउंड डार्क चॉकलेट
2 अंडे 1/2 कप कैस्टर शुगर या ब्राउन शुगर
1/2 कप पिघला बटर
1/2 कप रागी आटा
1/2 चम्मच बेकिंग पावडर
2 टी स्पून विस्की

**विधि**

ओवन को पहले 100 डिग्री सेल्सियस पर गरम कर लें। फिर कंपाउंड चॉकलेट को छोटे टुकड़ों में तोड़कर डबल बॉइलर में पिघला लें। फिर इसे किनारे रखें और ठंडा होने के लिए किनारे रख दें। एक बाउल में अंडे अच्छे से फेटें और उसमें शक्कर धीरे धीरे मिलाएं। अब पिघला चॉकलेट और पिघला बटर एक साथ मिक्स करें। फिर इस मिश्रण को अंडे और शक्कर वाले मिश्रण में मिक्स करें। अब रागी और बेकिंग पावडर को छान लें। फिर इसे पहले बताए गए मिश्रण में धीरे धीरे मिक्स करें। ध्यान रखें कि गांठे ना पड़ें। साथ ही ओवर मिक्स भी ना करें। अब आखिर में विस्की मिलाएं और आखिरी बार चलाएं। इस मिश्रण को बेकिंग टिन जो कि 6 इंच की चौड़ाई में हो, उसमें पलटें। इसे ओवन में 15 मिनट तक पकाएं और जब यह हो जाए तब उसमें फोर्क घुसा कर चेक कर लें। फिर इसे ओवन से निकाल कर ठंडा होने के लिये रखें। फिर इसे सर्व करें।



# ऑल टाइम फेवरेट शॉर्ट मिडी और वन पीस ड्रेसेज

**इस** बार सर्दी कम है, इसलिए पार्टी में ड्रेस का स्टाइल भी कुछ डिफरेंट होगा। यंगस्टर्स सेलिब्रेशन में लेटेस्ट फैशन कैरी कर रहे हैं। इसे देखते हुए मैटेलिक टच में वन पीस ड्रेस और गाऊन का ट्रेंड देखा जा रहा है। साथ ही लांग टॉप्स, शॉर्ट मिडी और लाइक्रा ड्रेस को भी गर्ल्स पसंद कर रही हैं। पार्टी में शॉर्ट ड्रेस के साथ ही स्पेशल दिखने के लिए सिल्वर और गोल्डन कलर में ड्रेसेस डिजाइन यूथ ने सबसे ज्यादा कराई हैं।

## लांग टॉप

यह एक तरह का टॉप है, जो थोड़ा डीप लेंथ का है। इसको लेगिंग्स, जेगिंग्स और जींस के साथ मैच किया जा सकता है। स्पेशल ओकेजंस को देखते हुए ये ड्रेस परफेक्ट है, क्योंकि इसे मलमल कॉटन से बनाया गया है, जो रात में लाइट से रिफ्लेक्ट होकर काफी चमकता है।

## मक्खी नेट शॉर्ट्स

मक्खी नेट शॉट्स का फैशन भी इन दिनों काफी पॉपुलर हो रहा है। फ्लॉवर इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाता है। ये ड्रेस दिखने में जितनी ट्रेंडी है पहनने में उतनी ही आरामदायक भी है। ये ड्रेस कूल और डिसेंट दोनों ही लुक देती हैं। सेलिब्रिटी से हिट हुआ शॉर्ट मिडी का फैशन अब सिटी में भी एंट्री मार चुका है। यह एक तरह का लांग टॉप होता है जिसे जींस, लेगिंग्स या जेगिंग्स के साथ तो पहना ही जा सकता है साथ ही इसको वन पीस की तरह से भी यूज किया जा सकता है। ये ड्रेस पहनने में काफी कम्फर्टेबल होती हैं।

## वेल्वेट ड्रेसेस

न्यू ईयर पार्टी के लिए लाइक्रा और वेल्वेट ड्रेसेस डिजाइन किए जा रहे हैं। वन पीस ड्रेस खासतौर पर फ्रिल पैटर्न में डिजाइन की जा रही हैं। वहीं, ईवनिंग गाउन से लेकर, वन पीस ड्रेसेस, स्कर्ट्स ज्यादातर ड्रेसेस फ्रिल पैटर्न में अवेलेबल हैं।

# बब्बू मान और गुरु रंधावा मेरे रोल मॉडल है



टीवी के हिट शो छोटी सरदारनी में मेहर के किरदार से मशहूर हुई एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया अब सिनेमा की दुनिया में कदम रख रही हैं। वह अपनी पहली पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार के ज़रिए बड़े पर्दे पर डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म में वह बब्बू मान और गुरु रंधावा जैसी जानी-मानी हस्तियों के साथ काम कर रही हैं। निमृत ने कहा, बब्बू मान सर और गुरु रंधावा के साथ काम करना मेरे लिए बहुत ही प्रेरणादायक अनुभव था। मैं बचपन से इन दिग्गजों को देखती, सुनती और उनकी सराहना करती आई हूं। वे मेरे लिए रोल मॉडल की तरह हैं।

उन्होंने कहा, पहले दिन से ही, उन्होंने गर्मजोशी और सम्मान के साथ मेरा स्वागत किया। बब्बू सर अपने अभिनय में इतनी गहराई और गंभीरता लाते हैं कि सेट पर हर कोई अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित होता है। वहीं गुरु इतने स्वाभाविक रूप से आकर्षक और सहयोगी हैं कि उनके साथ काम करना बहुत सहज लगता है। एक्शन और कट के बीच, मैं बहुत कुछ सीख रही थी, जैसे कोई मास्टरक्लास चल रही हो। शौंकी सरदार की कहानी समाज, संस्कृति, और बदलाव से जुड़ी है। यह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि सोचने के लिए प्रेरित करने वाली फिल्म है। सेट से जुड़े सूत्रों ने निमृत, बब्बू मान और गुरु रंधावा, तीनों के बीच एक मजबूत दोस्ती का खुलासा किया। सूत्रों ने बताया, वे न केवल ऑनस्क्रीन बल्कि ऑफस्क्रीन भी खूब मजाक-मस्ती करते हैं। उनकी दोस्ती और आपसी समझ परदे पर भी साफ झलकती है।

हाल ही में फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें पंजाब की संस्कृति, जीवनशैली और जज्बातों को खूबसूरती से दर्शाया गया। फिल्म में जमकर एक्शन सीन हैं, लेकिन यह भाईचारे और गहरे पारिवारिक रिश्तों को भी उजागर करती है। ट्रेलर में गुरु रंधावा को मजेदार किरदार निभाते हुए दिखाया गया है, जो कहानी में दिलचस्प मोड़ लाते हैं और उसे आगे बढ़ाते हैं। इस फिल्म का निर्देशन धीरज केदारनाथ रत्तन ने किया है। वहीं ईशान कपूर, शाह जंडियाली, धर्मिंदर बाटोली और हरजोत सिंह इसे मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और बॉस म्यूजिका रिकॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले 751 फिल्म्स के सहयोग से किया गया है। यह फिल्म 16 मई, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।



# रश्मिका मंदाना संग शादी पर विजय देवरकोंडा का रिएक्शन



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के रिश्ते को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ छपता रहता है। हाल ही में विजय और रश्मिका की सगाई की खबरें भी आई थीं। अपने हालिया एक इंटरव्यू में विजय ने सगाई की अफवाहों, शादी और रश्मिका को लेकर बात की है।

रश्मिका को बताया खूबसूरत और मेहनती फिल्मफेयर मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में रश्मिका मंदाना के बारे में बात करते हुए विजय ने उन्हें मेहनती बताया। उन्होंने कहा- मैंने रश्मिका के साथ ज्यादा फिल्में नहीं की हैं। मुझे उनके साथ और फिल्में करनी चाहिए। वो एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। वो एक खूबसूरत महिला हैं इसलिए केमिस्ट्री में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। वह बहुत मेहनती हैं। वो अपने इच्छा और कॉन्फिडेंस से किसी भी चीज को हरा सकती हैं। वो दयालु हैं और अपने ऊपर बाकियों के आराम और खुशी को प्रायोरिटी देती हैं।

### फिलहाल शादी का कोई इरादा नहीं है

इंटरव्यू के दौरान रश्मिका को डेट करने की बात पर विजय ने ना तो इसे खारिज किया और ना ही स्वीकार किया। शादी की बात पर एक्टर ने कहा- मैं शादी जरूर करूंगा। फिलहाल मैं पार्टनर की तलाशा नहीं कर रहा हूं। विजय से जब पूछा गया कि क्या रश्मिका उनकी आदर्श पत्नी के पैमाने में फिट बैठती हैं? एक्टर ने जवाब में कहा- कोई भी अच्छी दिल वाली महिला इस पैमाने में फिट बैठती है। रश्मिका और विजय को अक्सर साथ देखा जाता है। दोनों को कई बार डेट पर जाते देखा गया है। जिसके चलते दोनों के रिलेशनशिप में होने की अफवाह है। हालांकि, दोनों ने अब तक अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। रश्मिका मंदाना हाल ही में फिल्म सिकंदर में सलमान खान के साथ नजर आई थी। फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म रिलीज होने के कुछ घंटे बाद रश्मिका को मुंबई के एक रेस्टोरेंट में रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा के साथ देखा गया था। ऐसा कहा जा रहा था कि दोनों लंच डेट पर गए थे।

# फिल्म डॉन 3 में विलेन का किरदार प्ले करेंगे विक्रांत



फरहान अख्तर ने कुछ दिनों पहले अपनी फिल्क दिन 3 का ऐलान किया था। इसमें रणवीर सिंह लीड रोल में दिखाई देंगे। आए दिन उनकी इस फिल्म से जुड़ी नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। फिल्म में विलेन की भूमिका के लिए निर्माताओं ने विक्रांत मैसी को चुना गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...रणवीर डॉन 3 में विक्रांत से भिड़ने के लिए तैयार हैं। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। फिल्म का पहला शेड्यूल इस साल सितंबर में शूट किया जाएगा, जिसमें विक्रांत और रणवीर शामिल होंगे। डॉन 3 में रणवीर की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी थी, लेकिन उन्होंने अपनी गर्भावस्था के कारण इस फिल्म से किनारा कर लिया। खबर है कि अब उनकी जगह कृति सेनन ने ली है। डॉन का मूल संस्करण 1978 में आया था, जिसमें अमिताभ बच्चन ने डॉन की भूमिका निभाई थी और उनके साथ जीनत अमान मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। इसके बाद 2006 में फरहान ने शाहरुख के साथ डॉन का रीमेक बनाया।

# ट्रेलर देखकर मेरे पापा खुशी से रो पड़े



सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं के हमलों की कहानी कहती फिल्म 'केसरी वीर' से दिल्ली की आकांक्षा शर्मा बतौर लीड हीरोइन डेब्यू कर रही हैं। सुनील शेट्टी को अभिनय में अपना गुरु मान चुकी आकांक्षा शर्मा से बातें...

### किस तरह का अनुभव रहा आपका फिल्म 'केसरी वीर' के सेट पर?

मैं तो मानती हूं कि ये महादेव की ही कृपा रही होगी कि मुझे सोमनाथ मंदिर पर बनी फिल्म से बड़े परदे पर शुरुआत करने के लिए चुना गया। मेरी ये पहली फिल्म है और मुझे सबसे अच्छा तब लगा जब फिल्म के सारे कलाकारों ने पहले दिन से ही सेट पर मेरा खास ख्याल रखा।

### सुनील शेट्टी के साथ काम का अनुभव कैसा रहा?

फिल्म में सुनील शेट्टी मेरे पिता का किरदार निभा रहे हैं। मैं अपनी पहली फिल्म को लेकर कितनी भी नर्वस रही हूं लेकिन जिस दिन मेरी शूटिंग उनके साथ थी, मुझे ऐसा लगा कि मैं तो इन्हें बरसों से जानती हूं। हमारे घर में उनकी फिल्में खूब देखी जाती थीं।

### और, जब पहले दिन उनके साथ कैमरे का सामना किया तब

हां, ये सच है कि जब पहले सीन की शूटिंग शुरू हुई तो मैं अपने संवाद ही भूल गई। लेकिन, ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जिन सुनील शेट्टी की फिल्में देखकर हम बड़े हुए, उनके साथ अभिनय करने की बात तो मैंने कभी सपने में भी नहीं सोची थी। लेकिन, उन्होंने उस दिन जो गुरुमंत्र दिए, वे बहुत अनमोल हैं।

### फिल्मों में आने के लिए घरवालों का कितना साथ मिला है आपको?

जिस दिन फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, उस दिन मेरे पापा बहुत खुश थे। उनकी आंखों से खुशी के आंसू भी रह रहकर आ रहे थे लेकिन वह शायद किसी को ये दिखाना नहीं चाहते थे और किनारे जाकर अपनी आंखें पोछ रहे थे, तभी मेरे भाई ने चुपके से उनका ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।



# चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान का हिस्सा बने आशुतोष राणा

दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा ने ऐतिहासिक महाकाव्य चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान का हिस्सा बनने पर गर्व जताया। दरअसल, राणा पृथ्वीराज चौहान के भरोसेमंद दोस्त चंद बरदाई के किरदार को अपनी आवाज दे रहे हैं। वह इस महाकाव्य गाथा के जरिए दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे। शो का हिस्सा बनने पर अपने विचार साझा करते हुए, आशुतोष राणा ने कहा, मैं बचपन में पृथ्वीराज चौहान की कहानियां सुनता था, जो मेरे दिल में गहराई तक बस गईं। अब जब उन्हें इन्हीं कहानियों का हिस्सा बनने का मौका मिला है, तो यह मेरे लिए एक भावनात्मक रूप से बहुत खास अनुभव है। एक अभिनेता के रूप में, मैंने हमेशा माना है कि आवाज में बहुत ताकत होती है। इस नैरेशन के जरिए, मैं कहानी में गहराई और गरिमा लाना चाहता हूं। जो भावनाएं मैं लेकर चल रहा हूं, वो ताकत, जुनून और सम्मान से जुड़ी हैं और ये इस शो की आत्मा से मेल खाती है।

चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान एक ऐतिहासिक धारावाहिक है, जो महान योद्धा राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। यह पृथ्वीराज चौहान के जीवन के सफर को दिखाती है कि कैसे एक मासूम, युवा राजकुमार धीरे-धीरे एक महान और सम्मानित सम्राट बनता है। कहानी दिखाती है कि कैसे पृथ्वीराज चौहान ने खुद को एक शक्तिशाली योद्धा और सम्राट में बदला। शो में उन महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया गया है जो पृथ्वीराज को इतिहास में अमर बनाते हैं, जैसे युद्ध, राजनीतिक निर्णय और बलिदान। यह सिर्फ एक राजा की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस यात्रा की गाथा है जिसमें एक युवा बालक संघर्षों, वीरता और निर्णयों के जरिए एक ऐसा सम्राट बनता है, जिसकी विरासत आज भी भारतीय इतिहास में चमकती है। यह सीरीज प्रेरणा, शौर्य और नेतृत्व की जीवंत झलक है। इस शो में अनुजा साठे, रोनित रॉय, रूमी खान और पद्मिनी कोल्हापुरी अहम किरदार में हैं। दिग्गज एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी 11 साल बाद टीवी पर शानदार वापसी कर रही हैं। वह राजमाता की शक्तिशाली भूमिका में नजर आएंगी।

# परेश रावल के फिल्म छोड़ने पर बोले सुनील शेट्टी



बॉलीवुड की चर्चित कॉमेडी फिल्मों की फेंचाइजी 'हेरा फेरी' इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक्टर परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' से खुद को अलग कर लिया है जिसके बाद फैंस काफी निराश हैं। 'बाबू भैया' के फिल्म छोड़ने की खबर पर जब 'श्याम' यानी सुनील शेट्टी परेश रावल के फिल्म छोड़ने की खबर पर बात करते हुए कहा, 'बिना बाबू भैया और अक्षय कुमार के राजू के 'हेरा फेरी' जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती।' सुनील ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि अगर परेश रावल फिल्म में नहीं होंगे, तो श्याम जैसे किरदार का वजूद ही खत्म हो जाएगा। उनका कहना है कि हेरा फेरी सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक अनुभव है, जो तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक तीनों कलाकार एक साथ न हों।



# मुझ पर भगवान का बहुत आशीर्वाद रहा है, उन्होंने अगर मुझे चुना है तो मेरी तरफ से शुक्रिया

**राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म भूल चूक माफ को लेकर उत्साहित हैं, जिसमें वो अपनी शादी को लेकर टाइम लूप में फंस जाते हैं। उन्होंने पहली फिल्म से ही मेरी ये कोशिश रही है कि ऐसा काम करूं कि कभी टाइपकास्ट ना हो सकूं, ना ही कभी खुद को एक बॉक्स में डला हुआ महसूस करूं। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव ने बहुत कम समय में अपनी बड़ी पहचान बना ली है। इन दिनों वह फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं।**

### आपने कभी महसूस किया है कि कोई घटना या सिचुएशन देख कर आपको लगा हो कि ये तो पहले भी मेरे साथ हो चुका है?

मेरे साथ हुआ है। मुझे लगता है कि बहुत लोगों के साथ ऐसा होता होगा। उसका एक टर्म देजा वू नाम से है, लेकिन हमारी फिल्म उस विषय पर नहीं है। ये टाइम लूप पर है कि एक लड़के की 29 को हल्दी है और 30 को शादी है। वो उस 29 तारीख में फंस कर रह गया और हर रोज जब वह उठता है तो 29 तारीख होती है। ये हमारी फिल्म का कॉन्सेप्ट है। लेकिन मेरे साथ जिंदगी में एक-दो बार ऐसा हुआ है, जब मुझे लगता है कि ये सब पहले मेरे साथ हो चुका है।

### आप फिल्म में सरकारी नौकरी के लिए बहुत परेशान नजर आते हैं। आपके पिता भी सरकारी नौकरी में थे, तो क्या आपके ऊपर कभी सरकारी नौकरी करने को लेकर दबाव था?

सरकारी जॉब करने का दबाव तो कभी नहीं आया, क्योंकि स्कूल के समय से ही ये सोचा हुआ था कि ऐक्टिंग करनी है, फिल्मों में जाना है। लेकिन मैं ये जानता हूं कि हमारे देश में सरकारी नौकरी का क्या महत्व है। सरकारी नौकरी बहुत मायने रखती है। इस फिल्म में भी लड़की के पापा कहते हैं कि दो महीने में सरकारी नौकरी ले आओ, लड़की तुम्हारी। तो मैं जानता हूं कि आम परिवार में सरकारी नौकरी का मिलना कितना महत्व रखता है।

### आप नए-नए जोनर को ट्राई कर रहे हैं। तो अब आप अपने करियर को किस तरह देख रहे हैं?

मुझ पर भगवान का बहुत आशीर्वाद रहा है, क्योंकि बहुत सारे लोग मुंबई शहर में ऐक्टर बनने के लिए आते हैं, तो अगर भगवान ने मुझे चुना है तो उसमें मेरी तरफ से सिर्फ शुक्रिया और धन्यवाद ही है। पहली फिल्म से ही मेरी ये कोशिश रही है कि ऐसा काम करूं कि कभी टाइपकास्ट ना हो सकूं, ना ही कभी खुद को एक बॉक्स में डला हुआ महसूस करूं। हर तरह के रोल और कहानी करते रहे। हर तरह के जोनर का एक्सप्लोर करूं और अच्छे डायरेक्टर के साथ काम करना है, क्योंकि ये मीडियम ही डायरेक्टर्स का मीडियम है। हम तो ऐक्टिंग करते हैं, फिल्म को तो डायरेक्टर ही बनाते हैं। आगे भी मेरा ऐसा ही प्लान है। नई-नई चीज करता रहा हूं, इसलिए मुझे कभी भी बोरिंग जैसा अहसास नहीं होता है।

### वामिका और करण शर्मा दोनों ही आपकी काफी तारीफ करते हैं। तो आप इतनी तारीफ को कैसे देखते हैं?

मैं दोनों की तरफ से खुद के लिए तारीफ सुनने के बाद नीचे देखने लगता हूं। दोनों खुद इतने अच्छे इंसान और टैलेंटेड हैं, तो मजा आता है जब आप इतने अच्छे लोगों के साथ काम करते हैं। सब बहुत रियल हैं, मिलकर अच्छी फिल्म बनाना चाहते हैं, और उस प्रोसेस को एंजॉय करना चाहते हैं।

### आज हम देख रहे हैं कि फिल्म के प्रमोशन सीमित होते जा रहे हैं, मेकर्स कम शहरों में जाते हैं, लेकिन आप देश के कोने-कोने में जा रहे हैं। कैसा अनुभव है?

लोगों से जाकर मिलना, उनसे मिलकर बात करना, ये काफी अच्छा अनुभव है। लोगों को आपकी फिल्म का ट्रेलर कैसा लगा ये आपको उनके बीच जाकर ही समझ आएगा। आप इंस्टाग्राम पर बैठकर ये चीजें नहीं समझ सकते हैं।

# हम सभी की प्रेरणास्त्रोत हैं अहिल्याबाई होल्कर: डॉ. महेश शर्मा

## सेक्टर-6 में प्रबुद्ध वर्ग का सम्मेलन आयोजित, भारत माता की जयघोष के साथ निकली तिरंगा यात्रा





**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में एन.ई.ए सभागार सेक्टर-6 में अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्मोत्सव अभियान के निमित्त प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित किया।

प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.महेश शर्मा, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विमला बॉथम उपस्थित रही।

क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर राजमाता के पद को मन वचन और कर्म से सुशोभित किया। उन्होंने अपने जीवनकाल में अनके मंदिरों एवं घाटों का जीर्णोद्धार कराया जिसमें काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ साथ काशी मथुरा और अयोध्या में अनेक मंदिर घाट, प्याऊ तालाब सम्मिलित हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर हम सभी की प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने अपने जीवन में अनेक संकटों का सामना करते हुए शस्त्र एवं शास्त्र दोनों में प्रवीणता प्राप्त की और आवश्यकता पड़ने पर 30 वर्षों तक निष्कंटक शासन करके छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदवी स्वराज्य को आगे बढ़ाया।

सभागार को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा कि यह राजमाता अहिल्याबाई होलकर का त्याग और तप ही है जिसके कारण आज उनके जन्म के 300 वर्षों बाद भी देश उन्हें कोटि कोटि नमन करते हुए उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर हम सभी के लिए प्रेरणापुंज हैं उनका पूरा जीवन त्याग और समर्पण की मिशाल है। कार्यक्रम में नोएडा महानगर में एन.जी.ओ के माध्यम से समाज कल्याण के लिए कार्य कर रही महिलाओं को तुलसी का पौधा दे करके सम्मानित भी किया गया।

सम्मेलन के पश्चात क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा एवं जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा का भी आयोजन किया गया जिससे पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम संयोजक महेश शर्मा, सह संयोजक गोपाल गौड़, जुगराज चौहान, विनोद त्यागी, विपिन मल्हन, संजय बाली, चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, डिंपल आनंद, गणेश जाटव, युद्धवीर चौहान, विनोद शर्मा, नीता बाजपेयी, रचना जैन, गिरीश कोटनाला, महेश अवाना, मनीष शर्मा, शारदा चतुर्वेदी, प्रज्ञा पाठक शर्मा, सुनीता शर्मा, नमिता चौबे, नीतू यादव, निधि त्यागी, कल्याणी तिवारी, अनसुईया सिंह, अनुभूति टंडन, रागिनी रोहतगी, पूनम किरोड़ीवाल, कृष्णा सिंह, रेखा गुप्ता, भूपेश चौधरी, चमन अवाना, देवेंद्र भदौरिया, रामनिवास यादवख अर्पित मिश्रा, अजय गौतम, उमेश यादव, दीनबंधु, शशिधर उपाध्याय, प्रदीप चौहान, नीरज चौहान, नीरज चौधरी, रामकिशन यादव, गौतम शर्मा, सत्यनारायण महावार, डॉ. प्रसेनजीत मैत्रा, मनीष तिवारी, कुलदीप सिरोही, अतुल त्यागी, अनुज शर्मा, अमित नागपाल, अरुण बसोया, देशराज सिंह, नवीन मिश्रा इत्यादि कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# दो करोड़ की लागत से दनकौर में बनेगा इंडोर स्टेडियम

## केन्द्रीय राज्य मंत्री व रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने की घोषणा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान आदर्श इंटर कॉलेज दनकौर में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता व शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी की ओर से कॉलेज में इंडौर स्टेडियम की स्थापना के लिए घोषणा की गई।

इस स्टेडियम को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के मानक के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इस स्टेडियम में अनुमानित लागत लगभग 2 करोड रुपए की धनराशि खर्च होगी।

क्षेत्र में इस प्रकार का पहला स्टेडियम होगा जो दूर दराज और ग्रामीण क्षेत्र के लिए छात्र-छात्राओं के लिए खेल जगत में न सिर्फ विशिष्ट अवसर प्रदान करेगा बल्कि छात्र-छात्राओं को खेल जगत के ऊंचाइयों तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। यह प्रयास राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी और उनके और उनके साथियों के सहयोग से संभव हो सका।

इस अवसर पर महेश आर्य, राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व एमएलसी गुड्डू विधायक सादाबाद, अजीत सिंह दौला, इंद्रवीर भतीजी जयराज नागर (अध्यक्ष), सुबोध प्रधान (प्रबंधक), मनोज नागर (प्रधानाचार्य), राजेंद्र प्रधान, रामेश्वर सरपंच, सतीश नंबरदार बदलपुर, बलवीर प्रधान इमलिया, अजीत नागर एडवोकेट, श्रीमती हेमा पाठक एडवोकेट, प्रियंका अत्री, हरवीर सिंह तालान, मनोज चौधरी भट्ट, वीरेंद्र मलिक, निशांत रावल घोड़ी बछेड़ा एवं क्षेत्र के सभी सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में जुटे स्कूलों के प्रधानाचार्य



**नोएडा ( चेतना मंच )।** मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल नोएडा में एक दिवसीय प्रधानाचार्य बैठक (उन्नयन) का आयोजन किया गया। इस बैठक में दिल्ली, एनसीआर के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, नवीन शिक्षण विधियों का आदान-प्रदान तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए योजनाओं का निर्माण करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण व दीप प्रज्वलन से हुई। निदेशक प्रधानाचार्या निंदिया साकेत व MREI उपाध्यक्ष अमित भल्ला ने प्रधानाचार्य बैठक को संबोधित किया। इसके बाद विभिन्न सत्रों में शिक्षण रणनीतियों, एनइपी-2020 में 2025 शिक्षा प्रणाली पर चर्चा ( सत्यता और मिथक ) परीक्षा प्रणाली में सुधार, नैतिक शिक्षा, डिजिटल शिक्षा के प्रयोग, शिक्षक प्रशिक्षण व् स्कूल प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के साथ- साथ कुछ मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्या निंदिया साकेत ने इस अवसर पर कहा कि आज की बैठक हमारे शिक्षण समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां हम अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और बेहतर शिक्षा व्यवस्था की दिशा में ठोस कदम उठा सकते हैं।

## नवनियुक्त डीसीपी से मिले उद्यमी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** औद्योगिक संगठन एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के सदस्यों



ने गौतमबुद्धनगर में नव नियुक्त उपायुक्त पुलिस, नोएडा क्षेत्र यमुना प्रसाद से भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

औद्योगिक संगठन एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह नाहटा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश राठौर, सचिव सुबोध कुमार, दिलीप मिश्रा आदि ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने डीसीपी से औद्योगिक संगठन की तरफ से औद्योगिक क्षेत्र और संपूर्ण जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर तरह के सहयोग दिए जाने का विश्वास दिलाया।

## गॉर्डन गलेरिया में बने बार व रेस्टोरेंट की जांच

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर



अंकुश लगाने के लिए आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी नियमित रूप से चेकिंग अभियान संचालित करते हुए शराब माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि आबकारी टीम व मेरठ प्रवर्तन की संयुक्त टीम द्वारा गार्डन गलेरिया स्थित बार रेस्टोरेंट, डेयरी, इम्पल्स, एफ बार, लोकल क्लब, बेगम नूर आदि का निरीक्षण करते हुए सभी रेस्टोरेंट बार संचालको को उनके परिसर में अन्य प्रांत की शराब पाये जाने एवं बिना लाइसेंस शराब पिलाए जाने की स्थिति में कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गई।

आबकारी टीम गौतमबुद्धनगर एवं थाना बादलपुर की संयुक्त टीम द्वारा एक दबिश के दौरान छपरौला फाटक से एक व्यक्ति नीरज पुत्र महादेव निवासी गिरधरपुर सुनारसी बादलपुर को 30 पौवे टेट्रा पैक ट्विन टावर देशी शराब के साथ पकड़ा गया।

# डीएम ने किया उत्तम संकुल स्तरीय समिति कार्यालय का उद्घाटन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष वर्मा ने ब्लॉक बिसरख के



ग्राम पंचायत बिसाहड़ा में एनटीपीसी दादरी द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से तैयार किए गए उत्तम संकुल स्तरीय समिति कार्यालय का फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी काशिना चंद्रमौली, डीसी एनआरएलएम अजितेश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

उत्तम संकुल स्तरीय समिति कार्यालय और स्टेडियम एनटीपीसी द्वारा अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत निर्मित कराए गए हैं। इन सुविधाओं की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और युवाओं को खेलकूद की सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी अपने खेल प्रतिभाओं को निखारते हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन का देश में प्रदेश के साथ अपने परिवार का भी नाम रोशन कर सके।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तम संकुल स्तरीय समिति के सदस्यों ने समिति के गठन होने के बाद से ही निरंतर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए प्रोडक्ट को विक्रय करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को भी अपनाना बहुत जरूरी है और इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने प्रोडक्ट की मार्केटिंग, पैकेजिंग और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देना होगा।

मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा पंच सूत्र स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है, जो उनके सफल संचालन के लिए पाँच बुनियादी सिद्धांतों पर आधारित है।

डीसी एनआरएलएम अजितेश सिंह ने बताया कि 14 सितंबर 2022 को गठित की गई इस उत्तम संकुल स्तरीय समिति ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बिसाहड़ा में नवनिर्मित स्टेडियम का निरीक्षण भी किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता एवं उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की और स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि इन संसाधनों का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणजन लाभान्वित हो सकें।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान बिसाहड़ा नरेंद्र सिसोदिया, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

